नई दिल्ली
गुरुवार 8 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 266
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 18
न्यून. 07

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें?

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- कैसे पता चलेगा कुत्ता 'काटने के मूड' में है या नहीं?



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी और स्थिति नियंत्रण से बाहर**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम टिप्पणियां कीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशुप्रेमियों को शेल्टर ▸▸ शेष पेज 5 पर

आतंकवाद के खिलाफ पूरी दृढ़ता से लड़ने के लिए तैयार पीएम मोदी और नेतन्याहू

# नए साल के मौके पर इजरायल के प्रधानमंत्री ने किया भारत के पीएम को फोन, दोनों ने एक-दूसरे को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा हालातों के बीच बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। जिसमें दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी बताया कि भारत, इजरायल के शीर्ष नेताओं की इस बातचीत में दोनों के बीच नए साल के शुभकामना संदेशों का आदान-प्रदान किया गया। इसके अलावा आतंकवाद और उसके सभी रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों के साथ मुकाबला करने को लेकर बनी हुई दोनों देशों की शून्य सहिष्णुता की नीति के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई है। साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे भी इस वार्ता में शामिल किए गए और अंत में दोनों नेताओं ने भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने को लेकर सहमति जताई है।

**पीएम ने बताया वार्ता का सार:** पीएम ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, 'अपने दोस्त और इजरायल के प्रधानमंत्री से बात करके, उन्हें और इजरायल की आम जनता को नववर्ष की शुभकामनाएं देने में बहुत प्रसन्नता हुई। नेतन्याहू ने मुझे पश्चिम-एशिया की स्थिति जैसे गाजा शांति योजना के बारे में जरूरी अपडेट दी है। इसके अलावा हमने आतंकवाद और उसके सभी रूपों, प्रकारों तथा अभिव्यक्तियों के खिलाफ और अधिक दृढ़ता के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की है। हमारी चर्चा में आगामी वर्षों में भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने के तरीकों पर भी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### तीन बार रद्द हो चुकी नेतन्याहू की भारत यात्रा

गौरतलब है कि हाल के समय में यह दूसरा मौका है, जब भारत और इजरायल के प्रधानमंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। इससे पहले पिछले साल के आखिरी महीने में 10 दिसंबर को नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। जिसमें दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में लगातार जारी प्रगति को संतोष जताया था। वहीं, पिछले साल का अंतिम महीना इसलिए भी महत्वपूर्ण था। क्योंकि उसमें ही बेंजामिन नेतन्याहू को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आना था। लेकिन किन्हीं कारणों की वजह से उन्हें अपना दौरा रद्द करना पड़ा। यहां एक चौंकाने वाली बात ये भी रही कि इजरायली प्रधानमंत्री ने एक-दो बार नहीं बल्कि लगातार तीन बार अपनी भारत यात्रा के कार्यक्रम को टाला है। सबसे आखिर में इसके लिए नवंबर-2025 में राजधानी के लाल किले के पास हुए बम धमाके के बाद उत्पन्न सुरक्षा हालात को इजरायल की ओर से कारण बताया गया था।

ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिम की प्रतिक्रिया से जुड़ा है यह मामला, जिसे विदेश मंत्री ने 'पाखंड' करार दिया

# भारत को अपनी 'मुफ्त की सलाह' देने के बजाय खुद का 'आत्मविश्लेषण' करे पश्चिम

- ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर जिस तरह से पश्चिम द्वारा हमें बिना मांगे सलाह दी गई। वो काफी अचरज में डालने वाली है
- वेनेजुएला के मौजूदा घटनाक्रम को लेकर चिंतित भारत, सभी पक्षों से की आमजन की भलाई के लिए कार्य करने की अपील
- यूरोपीय देश लक्जमबर्ग की यात्रा के दौरान अपने समकक्ष विदेश मंत्री जेवियर बेटेल और भारतीय समुदाय से बातचीत में बोले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूरोपीय देश लक्जमबर्ग में वेनेजुएला के मौजूदा घटनाक्रम से लेकर दक्षिण-एशिया में अपने निकट पड़ोसियों खासकर पाकिस्तान की आतंकी कारगुजारियों पर जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत को बिन मांगे मुफ्त का ज्ञान देने वाले पश्चिम को जमकर खरी-खोटी सुनाई। इसके अलावा उन्होंने वेनेजुएला पर किए गए अमेरिका के हालिया हमले से जुड़े ▸▸ शेष पेज 5 पर



### पश्चिम को खुद के भीतर झांकना चाहिए

उन्होंने भारत के संदर्भ में की जाने वाली पश्चिमी देशों की प्रतिक्रिया पर सख्त अंदाज में नाराजगी जताते हुए कहा कि पश्चिम को हमें ये बताना चाहिए कि हमने कभी उनके मामलों पर कोई टीका-टिप्पणी की है? क्या कभी भारत ने उनके क्षेत्र की स्थिति या वहां की हिंसा पर चिंता जताई है? इन सभी प्रश्नों का जवाब ना में ही मिलेगा। लेकिन पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर जिस तरह से पश्चिम द्वारा हमें बिना मांगे सलाह दी गई। वो काफी अचरज में डालने वाली है। उन्हें (पश्चिम) हमें मुफ्त का ज्ञान या सलाह देने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि खुद का आत्मचिंतन व आत्मविश्लेषण करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### इसलिए पाक को मिलता मुंहतोड़ जवाब

उन्होंने यूरोपीय देश में रह रहे भारतीय समुदाय के सदस्यों से अपने संवाद के दौरान पूछा कि क्या उन्हें दुनिया में मौजूद किसी ऐसे देश के बारे में जानकारी है? जो अपने ही निकट पड़ोसी के विरुद्ध दशकों से लगातार राज्य प्रायोजित आतंकवाद की नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान इसका दुनिया में अकेला सबसे बड़ा उदाहरण पेश करता है। जिससे अंततः भारत मुकाबला कर रहा है। इसलिए उसके खिलाफ हमारा जवाब बाकी पड़ोसियों से पूरी तरह से अलग है। जयशंकर ने फिर से दोहराया कि दुनिया का जो देश पाकिस्तान जैसा बर्ताव हमारे साथ करेगा। हम उसके साथ अलग ढंग से ही निपटेंगे। जयशंकर ने कहा कि संकट के जटिल दौर में भारत ने लगभग अपने सभी पड़ोसियों को तुरंत मदद पहुंचाई है। उन्होंने श्रीलंका, म्यांमार और अफगानिस्तान का विशेष रूप से जिक्र किया। श्रीलंका में बीते दिनों आए भीषण दित्वा चक्रवात के शुरुआती दिन ही भारत ने सबसे ▸▸ शेष पेज 5 पर

# पीएम मोदी को मैंने नहीं दिया मुलाकात का न्योता : ट्रंप

- राष्ट्रपति का दावा बोले, रूस से चल रही भारत की तेल की खरीद पर हमने लगाया 50% टैरिफ, जिससे मोदी मुझसे नाराज हैं



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क के राष्ट्रपति का बाकी देशों को लेकर अगला कदम क्या होने वाला है? कोई नहीं जानता...हां इतना जरूर है कि डोनाल्ड ट्रंप हर बीतते दिन के साथ अपने फैसलों और बयानों को लेकर सभी को हैरान-परेशान जरूर किए हुए हैं। यहां बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों और पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में उनके साथ हुई पहली द्विपक्षीय मुलाकात को लेकर हो रही है। जिसे लेकर बीते मंगलवार को हाउस जीओपी रिट्रीट के दौरान दिए अपने एक बयान में ट्रंप ने यह दावा किया कि इस मुलाकात के लिए उनकी तरफ से भारत के प्रधानमंत्री को आमंत्रित नहीं किया गया था। बल्कि यह यात्रा उनकी (पीएम मोदी) खुद की इच्छा के साथ लिए गए निर्णय का परिणाम था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, व्यक्तिगत रूप से पीएम मोदी के साथ मेरा ▸▸ शेष पेज 5 पर

# सम्मेलन- 2026 की मेजबानी करेगा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

देश भर में जब एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर विभिन्न विपक्षी दलों द्वारा उंगली उठाई जा रही हो, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सीधे निशाने पर लिया जा रहा हो ठीक इसी गहमागहमी के बीच भारत निर्वाचन आयोग 21 से 23 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहले भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान द्वारा किया जा रहा है। कुल 38 देशों के चुनाव प्रमुख जहां चुनावों की प्रक्रिया और उसकी तकनीक साझा करेंगे वहीं विभिन्न राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अलग अलग विषयों पर अपना प्रेजेंटेशन देंगे।

यह सम्मेलन लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक मंच होगा। इसमें विश्व भर के निर्वाचन प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व कर रहे लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संगठनों, भारत में स्थित विदेशी मिशनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद तथा चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ भाग लेंगे।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार सम्मेलन के निर्धारित ▸▸ शेष पेज 5 पर



धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

# रक्षा मंत्री सिंह ने स्व. लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा को दी श्रद्धांजलि

## लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा प्रेरणास्रोत हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लेफ्टिनेंट जनरल श्रीनिवास कुमार सिन्हा के जन्म शताब्दी के मौके पर आयोजित किए गए एक स्मृति व्याख्यान में अपना एक वीडियो संदेश दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा की संप्रभुता से जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर रही स्पष्ट और दृढ़ नीति के साथ ही हमारा देश आगे बढ़ रहा है। स्वर्गीय लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा जैसी विभूतियां सरकार के लिए प्रेरणास्रोत हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि रक्षा मंत्री ने अपने संदेश में ये भी कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल ▸▸ शेष पेज 5 पर

छग के पूर्व सीएम को असम की जिम्मेदारी

# भूपेश, विस चुनावों के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विभिन्न राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज़ करते हुए विभिन्न राज्यों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इस संबंध में पार्टी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के बुधवार को औपचारिक आदेश पर हस्ताक्षर किए। असम के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और झारखंड के वरिष्ठ नेताओं नेता बंधु तिर्की को जिम्मेदारी है दी। वहीं केरल में चुनावी रणनीति और संगठनात्मक समन्वय की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, के.जे. ▸▸ शेष पेज 5 पर

## नया विधेयक 1968 और कीटनाशक नियम, 1971 को प्रतिस्थापित करेगा

विधेयक का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक मिले

# सरकार ने कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2025 के मसौदे पर जनता से सुझाव आमंत्रित किए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार ने वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2025 का नया मसौदा तैयार किया है। इसका उद्देश्य वर्तमान कीटनाशक अधिनियम, 1968 तथा उसके अंतर्गत निर्मित कीटनाशक नियम, 1971 को प्रतिस्थापित करना है।

कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2025 एक किसान-केंद्रित विधेयक है। इस संशोधित विधेयक में किसानों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने हेतु पारदर्शिता एवं अनुरेखण (ट्रेसबिलिटी) जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिससे किसानों के जीवन में सुगमता को बढ़ावा मिलता है। इसमें प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग सहित सुधार-उन्मुख प्रावधान किए गए हैं तथा नकली/अवामानक कीटनाशकों पर नियंत्रण के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है।

अपराधों के निपटान हेतु कंपाउंडिंग के प्रावधान भी किए गए हैं, जिनमें निवारक प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए उच्च दंड का निर्धारण राज्य-स्तरीय प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कीटनाशकों के बेहतर प्रशासनिक नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए संशोधन किए गए हैं, जिससे जीवन की सुगमता और व्यवसाय करने की सुगमता के बीच संतुलन स्थापित होता है। इस विधेयक में परीक्षण प्रयोगशालाओं के अनिवार्य प्रत्यायन का भी प्रावधान है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि किसानों को केवल गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक ही उपलब्ध हों। कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2025 का मसौदा तथा निर्धारित प्रारूप मंत्रालय की वेबसाइट https://agriwelfare.gov.in पर उपलब्ध है। मसौदा विधेयक और उसके प्रावधानों पर आगामी 4 फरवरी तक सभी हितधारकों तथा आम जनता से टिप्पणियाँ और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

### पुलिस केस दर्ज कर संदिग्धों की पहचान में जुटी

# मस्जिद के पास अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान हिंसा, पांच पुलिसकर्मी घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रामलीला मैदान इलाके में एक मस्जिद के पास बुधवार तड़के अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान झड़प व हिंसा में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। सैयद फैज इलाही मस्जिद से सटे इलाके और तुर्कमान गेट के पास के कब्रिस्तान पर अतिक्रमण हटाने के अभियान में दौरान यह झड़प हुई। इस दौरान पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया था। कुछ ही समय में पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज किया है और संदिग्धों की पहचान करने में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार, कानून-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम पहले से ही किए गए थे और वरिष्ठ अधिकारियों को कई क्षेत्रों में तैनात किया गया था। स्थानीय शांति समितियों के सदस्यों के साथ समन्वय बैठकें भी की गईं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि स्थिति अब सामान्य है। अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई अदालत के आदेशानुसार दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा की जा रही थी। मस्जिद और पास के कब्रिस्तान से सटी जमीन पर अतिक्रमण रोधी अभियान संचालित करने के लिये पहले ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और कांच की बोतलें फेंकीं, जिससे कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ को तितर-बितर करने और व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पांच लोगों को पूछताछ के लिए और सीसीटीवी फुटेज से मिलान करने के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पथराव में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। साथ ही पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या हिंसा जानबूझकर हुई थी या यह विध्वंस अभियान को बाधित करने का पूर्व नियोजित प्रयास था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उपद्रवियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके अलावा गवाहों और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 221 (लोक सेवक को लोक कार्यों के निर्वहन में बाधा डालना), 132 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 191 (दंगा), 223 (ए) (लोक सेवक द्वारा विधिवत रूप से जारी आदेश की अवज्ञा) और 3(5) (संयुक्त दायित्व) तथा लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने से रोकने वाले अधिनियम, 1984 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान के दौरान सैयद फैज इलाही मस्जिद को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## मस्जिद को ध्वस्त करने के वीडियो फर्जी

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया जिसमें दावा किया गया कि अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान मस्जिद को ध्वस्त किया जा रहा है और इसके बाद हंगामा मच गया। सूत्रों ने बताया कि इसके तुरंत बाद काफी लोग वहां एकत्र हो गये और कुछ लोगों ने पुलिस और एमसीडी के कर्मचारियों पर पथराव किया और कांच की बोतलें फेंकीं। पुलिस ने ऐसे भ्रामक वीडियो पर ध्यान ना देने की अपील लोगों से की है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने कहा कि एमसीडी को छह और सात जनवरी की दरमियानी रात को अतिक्रमण अभियान को अंजाम देना था, जिसके मद्देनजर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि समझाने-बुझाने के बाद ज्यादातर लोग तितर-बितर हो गए थे। हालांकि, कुछ लोगों ने हंगामा करने की कोशिश की और पथराव किया जिसमें पांच पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं और उन्हें चिकित्सा उपचार दिया गया। जिस वीडियो के कारण विवाद पैदा हुआ उनमें से एक को कथित तौर पर खालिद मलिक नामक व्यक्ति ने रिकॉर्ड किया था, जिसमें लोगों से बड़ी संख्या में अपने घरों से बाहर निकलने का आग्रह किया गया। अफवाहें फैलाई गईं कि एक मस्जिद को गिराने के लिए बुलडोजर तैनात किए गए हैं, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया। इस मामले में हिरासत में लिये पांच लोगों की पहचान मोहम्मद आरिब (25), मोहम्मद कैफ (23), मोहम्मद काशिफ (25), मोहम्मद हामिद (30) और एक नाबालिग के रूप में हुई है। इसके अलावा दस से 15 लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो का विश्लेषण करके अन्य दोषियों की पहचान की जा रही है। इस बीच, संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने एक बयान में कहा, पूरे क्षेत्र को सावधानीपूर्वक नौ क्षेत्रों में विभाजित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रैंक के एक अधिकारी की निगरानी में रखा गया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई थी। वर्मा ने कहा कि दिल्ली पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि सभी न्यायिक निर्देशों का पालन विधिवत, पेशेवर और संवेदनशील तरीके से किया जाए।

## हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी: दिल्ली के गृह मंत्री ने अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा पर कहा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को कहा कि तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान पथराव की घटना "दुर्भाग्यपूर्ण" थी। उन्होंने चेतावनी दी कि हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी मस्जिद और पास के कब्रिस्तान से सटी जमीन पर अदालत के आदेशानुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहे थे और इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और कांच की बोतलें फेंकी जिससे कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सूद ने कहा कि मस्जिद के आसपास कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठान अवैध रूप से बनाए गए थे, जिनके खिलाफ अदालत के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, ₹कानून के दायरे में किए जा रहे काम में बाधा डालना या उसे बाधित करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है।₹ उन्होंने कहा कि "कुछ अपराधी और उपद्रवी तत्वों" ने प्रदर्शन और हिंसा का सहारा लिया जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा अब तक इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सूद ने कहा, "मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि फैज-ए-इलाही मस्जिद पूरी तरह सुरक्षित है। यह कार्रवाई केवल उन अवैध व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक सीमित है जो न्यायालय के आदेशों के दायरे में आते हैं। इस मामले में सरकार की ओर से कोई मनमानी नहीं की गई या उसका कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं है।" मंत्री ने जनता से किसी भी प्रकार के उकसावे में न आने की अपील की। उन्होंने कहा कि उकसावे में आकर कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से असामाजिक तत्वों की पहचान करने में प्रशासन का सहयोग करने और आपसी सद्भाव और शांति बनाए रखने में मदद करने का आग्रह किया। एमसीडी के उपायुक्त विवेक कुमार ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान मस्जिद को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह विध्वंस अभियान उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में चलाया गया और इस दौरान 36,000 वर्ग फुट क्षेत्र को खाली कराया गया।



## तुर्कमान गेट मामला : सर्वेक्षण के बाद नियमानसार हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ), भारत सरकार के अधीन रामलीला ग्राउंड का लाइसेंसी है। एक शिकायत के आधार पर, एमसीडी द्वारा एलएंडडीओ एवं दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के समन्वय से ग्राउंड तुर्कमान गेट के पास रामलीला मामला में अतिक्रमण का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में यह पाया गया कि लगभग 36,428 वर्ग फुट क्षेत्रफल पर रामलीला ग्राउंड में एक बैंक्वेट हॉल एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों, जिनमें एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर भी शामिल है, के माध्यम से अतिक्रमण किया गया था। सर्वेक्षण में सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण होना भी पाया गया था। वहीं, एक बयान में दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की जमीन पर अवैध अतिक्रमण था और निगम प्रशासन ने कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस की मदद से इस जगह को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। निगम प्रशासन ने बताया किया रामलीला ग्राउंड से लगभग 36,428 वर्ग फुट अतिक्रमण हटाने के संबंध में एक संगठन द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में रिट याचिका (सिविल) दायर की गई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 नवंबर 2025 को आदेश पारित करते हुए एमसीडी को निर्देशित किया कि वह संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट में उल्लिखित अतिक्रमण एवं अवैध व्यावसायिक गतिविधियों को हटाने हेतु प्रभावित पक्षों/व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए आदेश की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर उपयुक्त कार्रवाई करे। जिसके अनुपालन में दिल्ली नगर निगम ने संबंधित पक्ष की बात सुनकर यह कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई के दौरान पट्टा विलेख में सम्मिलित 0.195 एकड़ भूमि क्षेत्र को छोड़ते हुए शेष अतिक्रमण को हटा दिया गया।

### मलबा हटाने में लग सकता है कुछ दिनों का समय

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मशीनों से अतिक्रमण को तोड़ा गया और इस दौरान बड़ी मात्रा में मलबा बन चुका है जिसे हटाने के लिए कई दिनों का समय लग सकता है। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि पास में बनी मस्जिद को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि यह अभियान अदालत के निर्देशों के अनुसार केवल अतिक्रमित भूमि पर ही चलाया गया।

### दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान गेट पर अतिक्रमण हटाने का किया काम : सचदेवा



नई दिल्लीदिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को तड़के तुर्कमान गेट के आसपास अतिक्रमण हटाये जाने पर कहा है कि सरकारी जमीन पर एक वर्ग विशेष द्वारा अतिक्रमण किया गया था जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है और उसी निर्देश के बाद पुलिस-प्रशासन ने कार्रवाई की है। यह एक लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद आया है जिसमे पूरी तरह स्थापित हुआ कि यह पूरा परिसर जिसका व्यवसायिक उपयोग हो रहा था वह दिल्ली नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण करके बनाया गया था। सचदेवा ने कहा कि कुछ लोग जिनका अतिक्रमण के माध्यम से अपनी जेब भरने का काम कर रहे थे, उन लोगों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में दोबारा अपील भी करी लेकिन न्यायालय ने उसे नकार दिया और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई पर स्थगन आदेश देने से मना कर दिया। जिसके बाद आजतड़के पुलिस-प्रशासन और नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाई की है।

# बुजुर्ग दंपति की हत्या में पूर्व केयर टेकर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ गहनें लूटने के मकसद से की थी हत्या

शाहदरा जिले के एम एस पार्क थाना एरिया में एक पूर्व केयरटेकर को ही दंपति की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। करीब 500 किमी के अंतरराज्यीय जांच व तलाशी अभियान के बाद आरोपी हाथ आया। इसके पास से दंपति के घर से लूटा गया सोना भी बरामद हो गया है। पकड़ा गया आरोपी अशोक कुमार सेन लक्ष्मी पार्क, नांगलोई का रहने वाला है।

पूर्वी रेंज के ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा के अनुसार 3 व 4 जनवरी की दरमियानी आधी रात पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें कॉलर ने बताया कि उसके माता-पिता दोनों बेहोश पड़े हैं। उसके पिता के सिर पर कील के घाव जैसा चोट का निशान था। एक पड़ोसी ने उसे बताया कि शायद उनकी मौत हो गई है। कॉल मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर फ्लैट नंबर 1/4332, तीसरी मंजिल, राम नगर एक्सटेंशन, शाहदरा पहुंची। पाया कि बाहरी गेट के पास कमरे में महिला परवेश बंसल (65) व अंदर के कमरे में उनके पति वीरेंद्र कुमार बंसल (71) पुत्र राधे श्याम बंसल पड़े मिले। वीरेंद्र के मुंह और नाक से खून बह रहा था और दोनों आंखों के आसपास चोट के निशान थे। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आसपास के स्थानों पर लगे बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये। शुरुआत में यह अपराध एक ब्लाइंड डबल मर्डर लग रहा था, क्योंकि अपराधी ने अपना पूरा शरीर ढका हुआ था। दस्ताने पहने थे और घटनास्थल पर कोई फिजिकल सबूत नहीं छोड़ा था। पहचान से बचने के लिए उसने जानबूझकर उन जगहों से बिल्डिंग में एंट्री की और बाहर निकला जहां कैमरा कवरेज नहीं था। सभी संदिग्धों, जिनमें रिश्तेदार और मृतक से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोग शामिल थे से पूछताछ की गई। टेक्निकल जांच की गई, जिसमें 50 से ज्यादा मोबाइल नंबरों का सीडीआर एनालिसिस, एरिया डंप एनालिसिस और इसी तरह के काम करने वाले 300 से ज्यादा जाने-माने अपराधियों की डॉजियर की जांच शामिल थी। यह सामने आया कि बीमार होने के दौरान मृतक दंपति ने दो केयरटेकर रखे थे। एक केयरटेकर, जिसने लगभग दो महीने काम किया था से पूछताछ की गई लेकिन कोई भी सबूत नहीं मिला। दूसरे केयरटेकर से संपर्क करने की कोशिश की गई। उसकी पत्नी ने बताया कि वह अपना मोबाइल फोन लिए बिना खाटू श्याम की तीर्थयात्रा पर गया है। शक होने पर स्पेशल स्टाफ की एक टीम नांगलोई में उसके घर गई। उसकी तस्वीर ली गई और फुटेज में दिखे संदिग्ध के शरीर की बनावट से मिलाई गई। आगे की जांच में पता चला कि उसने एक रिश्तेदार के मोबाइल फोन से अपनी पत्नी से संपर्क किया था, जिसकी लोकेशन राजस्थान के सीकर जिले में ट्रेस की गई। तुरंत एक टीम को राजस्थान के सीकर जिले के गांव तापिपल्या भेजा गया। लगातार पूछताछ के बाद केयरटेकर अशोक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर लूटे गए गहनें भी बरामद हो गये।

# 25 साल से फरार चल रहा हत्या का दोषी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने अपनी पत्नी की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो 25 वर्ष पहले पैरोल खत्म होने के बाद से फरार था। आरोपी की पहचान योगिंदर सिंह (58) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 1992 में अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में योगिंदर को वर्ष 1997 में दोषी ठहराया गया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उसे जून 2000 में चार सप्ताह की पैरोल पर रिहा किया गया था लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और तब से फरार था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए योगिंदर फर्जी पहचान के तहत रह रहा था। उसने अपना नाम, पिता का नाम और आवासीय पता बदल लिया था। आरोपी हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और कर्नाटक सहित कई राज्यों में रहने के बाद 2012 में लुधियाना आया था। वह बढ़ई के रूप में काम कर रहा था और पंजाबी सीखकर स्थानीय लोगों में घुलमिल गया था। पुलिस के मुताबिक यह मामला 15 मार्च 1992 का है, जब दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पिलंजी गांव में एक महिला की हत्या की सूचना मिली थी। 2010 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने उसकी अपील खारिज कर दी और उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज, पुत्रः स्व. गोपाल चौधरी, पताः म. नं. डी–447, मंगोलपुरी, दिल्ली, आउटर डिस्ट्रिक्ट दिल्ली** न **FIR No. 883/2022, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 883/2022, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अभियुक्त **सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री मोक्षा बैंस**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11**
**DP/285/OD/2026 पश्चिम, कमरा नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. /84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश, पुत्रः** महेन्द्र कश्यप, **पताः** गाँव–अहमदगढ़, डाकघर– शिकारपुर, जिला – बुलंदशहर, उ.प्र. ने मुकदमा **FIR No. 006206/2022 U/s 379/411 IPC, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 006206/2022 U/s 379/411 IPC, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री संयम जैन**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04 (उत्तर पश्चिम)**
**DP/111/NW/2026 (Court Matter) कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

## 24 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर थानाक्षेत्र के दक्षिणपुरी में मंगलवार रात पुराने विवाद के चलते एक 24 वर्षीय युवक की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान करण के रूप में हुई है। उसकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वारदात की सूचना मृतक की मां को तब मिली जब वह काम से घर पहुंची। आसपास तलाश कर ही रही थीं कि किसी ने फोन पर बेटे करण को चाकू मारे जाने व अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी। अस्पताल पहुंचने तक बेटे ने दम तोड़ दिया था। करण की मां ने पुलिस को बताया कि सुबह ड्यूटी जाते समय बेटे ने बस स्टाप तक ड्राप किया था। वह अपने काम से भी शाम को छह बजे तक वापस घर आ जाता है। जिसके बाद वह फिर कहीं नहीं जाता और घर में ही रहता है। उसकी शादी को दो महीने पहले ही हुई थी। सूत्रों से पता चला कि बिल्ला नामक युवक से कुछ दिन पहले करण का झगड़ा हुआ था और उसने जान से मारने की धमकी दी थी।

# युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और इनोवेशन की समझ ही विकसित दिल्ली की है आधारशिला : रेखा गुप्ता



■ राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के लिए दिल्ली के प्रतिभागियों के विदाई समारोह में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और इनोवेशन की समझ ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित दिल्ली की आधारशिला है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' हिस्सा लेने जा रहे दिल्ली के चयनित प्रतिभागियों के लिए अयोजित विदाई समारोह में कही। 9 से 12 जनवरी तक 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने जा रहे युवा प्रतिभागियों से मुख्यमंत्री ने सीधा संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी देने का संदेश दिया। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद सहित अन्य गणमान्य जन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के छात्रों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी में जो ऊर्जा, दृष्टि और राष्ट्र के प्रति समर्पण दिखाई देता है, वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का युवा आज सशक्त, आत्मविश्वासी और राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पित है। छात्रों का यह संकल्प नवाचार, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग केवल एक मंच नहीं, बल्कि नेतृत्व, विचार और जिम्मेदारी की यात्रा की शुरुआत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें एक बार फिर अपने कॉलेज के दिनों की स्मृतियां ताजा हो गईं। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज के युवाओं में उन्हें वही आत्मविश्वास, जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति केवल सरकारों या नीतियों के बल पर नहीं होती, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता से ही संभव होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल समस्याओं की पहचान तक सीमित न रहें, बल्कि समाधान का सक्रिय हिस्सा बनें और समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

# अवैध ई सिगरेट सप्लायर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने अवैध ई-सिगरेट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। भारी मात्रा में अवैध खेप जब्त की गई। ई-सिगरेट का एक सप्लायर भी गिरफ्तार हुआ है। इसके पास से 749 यूनिट ई-सिगरेट, 145 रिफिल और 278 फिल्टर जब्त किये गये।

पुलिस के अनुसार प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम के अवैध व्यापार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में दक्षिण पूर्व जिले के एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने बड़े पैमाने पर चल रहे तस्करी ऑपरेशन का भंडाफोड़ किया है, जिसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और बड़ी मात्रा में ई-सिगरेट जब्त की गई। पुलिस ने 6 जनवरी को अमन अंसारी नाम के एक स्कूटी सवार संदिग्ध को पकड़ा था। शुरुआती तलाशी में उसके पास से छह ई-सिगरेट बरामद हुई थी। लगातार पूछताछ के बाद उसने गुप्त स्टोरेज सुविधा के बारे में बताया। संत नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश में स्थित एक गोदाम पर सुनियोजित छापा मारा और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अवैध वितरण के लिए रखी गई एक बड़ी खेप बरामद की गई। पता चला कि आरोपी ई-सिगरेट तीन से चार हजार प्रति पीस के हिसाब से बेच रहा था। इसका पहले कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं मिला।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढ़ द्वारा क्षतिग्रस्त बवानीखेड़ा और तोशाम निर्वाचन क्षेत्र जिला भिवानी में सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत अर्थात बलियाली से बिरान, भिवानी जीन्द-रोड तिगराना से तिगराना सीम, तिगराना से मंधान, दुल्हेड़ी से रेवासा, लोहानी से चैनपुरा, बिरान-ढाणी बिरान रोड से बाबा राजेन्द्र भारती धाम तक (आईडी 11446,11442, 415, 11098, 7150 और 11734)। | बंद होने की तिथि 12.01.2026 | 58,99,121/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2025.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/41816/1/88/7 दि. 07.01.26


पूरे माह रहें एक्टिव, फ़िट व स्वस्थ
✓ खून की कमी
✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ चिड़चिड़ापन
✓ तनाव, कमज़ोरी
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे आदि में सहायक
Helpline: 011-23261111

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
हेमपुष्पा
सेहत से समझौता न करें, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें


## सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए की गई स्थगित

# नेता विपक्ष से माफी की मांग को लेकर सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्तापक्ष के सदस्यों ने नेता विपक्ष आतिशी पर सदन में सिख गुरु के खिलाफ कथित तौर पर असंवेदनशील शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और सदन में नेता विपक्ष से इस मामले पर स्पष्टीकरण देने और माफी मांगने की मांग की।

सत्तापक्ष के सदस्यों ने कहा कि गुरु तेग बहादुर की 350वीं जयंती पर सदन में आयोजित चर्चा पर विपक्ष की नेता आतिशी ने सदन में भद्दी भाषा का प्रयोग किया जो माफी मांगने योग्य नहीं है। नेता विपक्ष को इसके लिए सदन में अपना स्पष्टीकरण देकर सदन से माफी मांगनी चाहिए। इस मांग को लेकर सत्तापक्ष के सदस्यों ने अध्यक्ष के आसन के करीब आकर बार-बार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी, क्योंकि सत्तापक्ष के सदस्यों ने सदन में विपक्षी सदस्यों के खिलाफ नारे लगाए और आतिशी से माफी की मांग की। भाजपा सदस्यों के हाथों में पोस्टर भी थे। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनके पास आतिशी के बयान की एक प्रति है और उन्होंने आतिशी से बैठक में शामिल होकर अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आतिशी ने जो कहा वह निंदनीय और पूरी तरह अस्वीकार्य है। नेता विपक्ष आतिशी सदन में उपस्थित नहीं थीं। दो बार के स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई, तो अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें विपक्षी आम आदमी पार्टी के विधायक मुकेश अहलावत ने बताया है कि आतिशी गोवा में हैं, जहां वह आप की प्रभारी हैं।

गुप्ता ने भाजपा विधायकों से अपने-अपने स्थान पर वापस जाने का आग्रह करते हुए सदन की बैठक सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास किया, लेकिन सत्तारूढ़ दल के सदस्यों द्वारा शोरगुल किया जाना जारी रहा। इसके बाद, अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। सत्तापक्ष के सदस्य अरविंदर सिंह लवली ने सदन में कहा कि यह मुद्दा गुरु साहिब और सदन की भावनाओं के प्रति विपक्षी नेता के असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दिखाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नेता राजनीति में इतनी मशगूल थीं कि उन्होंने ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं किया जो गुरुओं के प्रति अनादर के बराबर थे। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। सत्तापक्ष के सदस्य तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी पर चर्चा मंगलवार को ही शांतिपूर्ण ढंग से खत्म हो जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मामला वहीं खत्म हो जाना चाहिए था। आतिशी ने तब टिप्पणी की कि सदन गैर-जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर रहा है जबकि प्रदूषण पर ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि, स्पीकर पहले ही साफ कर चुके थे कि प्रदूषण पर चर्चा बुधवार को होगी।



■ गोवा जाने के कारण बुधवार को विधानसभा में नहीं पहुंची आतिशी, सत्तापक्ष के सदस्य बोले प्रदूषण पर आज होनी थी चर्चा, नेता विपक्ष भाग गई

### मंत्रियों ने की विधानसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपकर नेता विपक्ष की सदस्यता रद्द करने की मांग

विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद मंत्री सभी मंत्रियों और दिल्ली विधानसभा के चीफ व्हिप अभय वर्मा ने संयुक्त रूप से एक औपचारिक पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा। इस पत्र में आतिशी के वक्तव्य की शब्दशः टाइप की हुई प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है। मंत्री सिरसा ने प्रैसवार्ता में बताया कि अध्यक्ष को सौंपे पत्र में तीन प्रमुख मांगें की गई हैं- पहली, आतिशी की दिल्ली विधानसभा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए। दूसरी, उनके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया जाए और तीसरी, अध्यक्ष को प्राप्त विशेषाधिकारों एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई, जिसमें जेल की सजा भी शामिल हो, सुनिश्चित की जाए।

### डीडीए की 'रेडी टू मूव इन फ्लैट' आवासीय योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की रेडी टू मूव इन फ्लैट आवासीय योजना 2025 के लिए बुधवार 7 जनवरी 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई। जबकि अंतिम तारीख 13 जनवरी 2026 है, पहले दिन लोगों ने इसमें दिलचस्पी दिखाई है। डीडीए इस योजना में जनता आवास योजना के तहत महज 12.6 लाख में लोगों को उनके सपने का घर दे रहा है। डीडीए द्वारा मिली जानकारी अनुसार इस योजना के तहत दिल्ली की प्रमुख लोकेशन पर रेडी-टू-मूव फ्लैट किफायती दामों पर मिलेंगे। इनमें द्वारका मोड़ जैसे इलाके में फ्लैट की शुरुआती कीमत 12.63 लाख रुपये रखी गई है। यह फ्लैट मेट्रो स्टेशन के बेहद करीब बने है, यह फ्रीहोल्ड होंगे और इनमें पार्किंग व सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। इस योजना के अंतर्गत फाइनेंशियल रूप से कमजोर यानी ईडब्ल्यूएस वर्ग को कम कीमतों पर प्रमुख लोकेशन पर तैयार जनता आवास फ्लैट दिए जाएगें। इस योजना में कुल 144 फ्लैट हैं, जिनमें से 62 द्वारका मोड़ में हैं और 82 चांदनहौला छतरपुर मेन रोड पर है। द्वारका मोड़ वाले फ्लैट की कीमत 12.63 लाख रुपये से शुरू होकर 13.24 लाख रुपये तक है। जबकि चांदनहौला वाले फ्लैट की कीमत 23.05 लाख रुपये से शुरू होकर 24.37 लाख रुपये तक हैं। योजना में शामिल होने के लिए आवेदक भारत का नागरिक व उम्र कम से कम 18 साल तथा परिवार की सालाना आमदनी 10 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

## जनसुनवाई में आई समस्याओं का जल्द समाधान करें अधिकारी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को राजनिवास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र और समयबद्ध समाधान के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों के प्रति सुशासन, पारदर्शिता और समस्याओं के तुरंत समाधान के संकल्प को भी दोहराया। जनसुनवाई के दौरान एक आत्मीय और भावनात्मक दृश्य भी देखने को मिला, जब छोटे बच्चों ने मुख्यमंत्री को पुष्प देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री



ने बच्चों के साथ संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनसुनवाई के दौरान कई नागरिकों ने पहले से दर्ज अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। नागरिकों ने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हुई और उन्हें समय पर समाधान मिला है। इसी वजह से दिल्ली सरकार के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हुआ है।

## 'एनडीएमसी बजट में नगर पालिका परिषद क्षेत्र के विकास की झलक'

### मंत्री प्रवेश वर्मा ने की 'एनडीएमसी बजट 2026-27' बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विज़न के अंतर्गत बुधवार को एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में एनडीएमसी बजट 2026-27 को प्रेसवार्ता में पेश किया। इससे पहले आयोजित विशेष परिषद बैठक में 'एनडीएमसी बजट 2026-27' की प्रस्तुति की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के मंत्री एवं नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रवेश वर्मा ने की। बैठक में नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, परिषद के अन्य सदस्य अनिल वाल्मीकि, सरिता तोमर, दिनेश प्रताप सिंह और एनडीएमसी के सचिव/वित्तीय सलाहकार राकेश कुमार उपस्थित रहे। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद देश की राजधानी का केंद्र है, इसलिए यहां विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संतुलन बनाना जरूरी है, ताकि नागरिकों, व्यापारियों और आगंतुकों की जरूरतें पूरी हो सकें। नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि एनडीएमसी 'विजन 2047' के अनुरूप शहरी ढांचे को आधुनिक बना रही है, ताकि नई दिल्ली एक टिकाऊ, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार शहर बन सके।



### संपत्ति कर दरों में कोई बदलाव नहीं किया : केशव चंद्रा

अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बताया कि एनडीएमसी ने मुनाफा (सरप्लस) के बजट की परंपरा को जारी रखा है। वित्त वर्ष 2026-27 में 143.05 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अनुमानित है। बजट में संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि यह बजट नई दिल्ली को ऐसा शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है, जो अपनी समृद्ध विरासत को संभालते हुए नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और सबको साथ लेकर विकास करे, और यह 'विकास भी विरासत भी' की सोच पर आधारित है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित है।

### भाजपा सरकार ने पुलिस लगाकर हमें विधानसभा परिसर में जाने से रोका : संजीव झा

**नई दिल्ली।** विधानसभा से तीन दिनों के लिए निष्कासित आम आदमी पार्टी के विधायकों ने बुधवार को विधानसभा परिसर में जाने से रोकने पर निष्कासित आप विधायकों ने कहा कि निष्कासन का मतलब सदन की कार्यवाही से बाहर रहना है, लेकिन भाजपा सरकार ने हमें विधानसभा परिसर में नहीं घुसने दिया। आप ने बताया कि भाजपा सरकार ने दिल्ली विधानसभा परिसर में लगी शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर आम आदमी पार्टी के विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा, जरनैल सिंह और कुलदीप कुमार को प्रार्थना करने से रोक दिया। इस कार्रवाई पर संजीव झा ने कहा कि भाजपा सरकार सदन के अंदर शहीदों का अपमान कर क्रूर अंग्रजी हुकूमत को बचा रही है। ये लोग पहले भी अंग्रेजों को बचाते थे और आज भी बचा रहे हैं। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कह रही हैं कि भगत सिंह की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ नहीं, कांग्रेस के खिलाफ थी। हम परिसर में जाकर शहीद भगत सिंह की मूर्ति के सामने माफी मांगते कि सीएम के गलत वक्तव्य से हम शर्मिंदा हैं, लेकिन भाजपा सरकार ने पुलिस लगाकर हमें विधानसभा परिसर में जाने से रोक दिया।



### भाजपा व आप ने विधानसभा सदन को बना दिया है अखाड़ा : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि लगातार तीसरे दिन दिल्ली विधानसभा सदन में आम आदमी पार्टी और भाजपा द्वारा हंगामा करना उनकी नियत और व्यवहार को उजागर करता है। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनो ने अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विधान सभा सदन को अखाड़ा बना दिया है। यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करने की बजाय भाजपा और आम आदमी पार्टी ने लगातार तीसरे दिन विधानसभा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ा दिया। केवल 5 दिवसीय विधानसभा सत्र में खतरनाक प्रदूषण, सीएजी रिपोर्ट, शीश महल, फांसी घर जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए थी। लेकिन भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनो ने अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सदन को अखाड़ा बना दिया है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी व भाजपा सत्ता में आने से पहले जनता से झूठे और न पूरे करने वाले वादे करते है और सत्ता में आते ही अपने स्वार्थ की राजनीति में समाहित हो जाते है। आज दिल्ली में प्रदूषण, जल संकट, यमुना सफाई, सड़क पुनर्निमाण, सीवर और नालों की सफाई आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जहां भाजपा की रेखा सरकार विधानसभा में चर्चा करने से भाग रही है।

### बैठने के लिए लगाई गई स्टील बेंचों पर सज रही दुकानें

# 'कनॉट प्लेस में एनडीएमसी की बेंचों और डस्टबिनों पर कब्जा'



#### धीरे-धीरे बढ़ रहा अतिक्रमण

स्थानीय लोगों के अनुसार एनडीएमसी मुख्यालय के आसपास के इलाकों में भी अवैध रूप से दुकानों को चलाने वालों का धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते एनडीएमसी प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो कनॉट प्लेस जैसे वीआईपी इलाके में अव्यवस्था और भी गंभीर रूप ले सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के दिल दिल्ली और दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस में नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) प्रशासन की लापरवाही खुलकर सामने आई है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद मुख्यालय से कनॉट प्लेस स्थित पालिका केंद्र के गेट नंबर एक की ओर जाने वाले मार्ग पर एनडीएमसी ने आम लोगों की सुविधा के लिए स्टेनलेस स्टील की बेंचें लगवाई थीं, ताकि सैर-सपाटे के लिए आने वाले लोग कुछ पल बैठकर राहत महसूस कर सकें और थकान उतार सकें। बता दें कि अतिक्रमण केवल बेंचों तक सीमित नहीं है।

यहां लगे सुंदर डस्टबिन भी अवैध रूप से संचालित दुकानों की जद में आ चुके हैं, जिससे न केवल स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि इलाके की सुंदरता पर भी दाग लग रहा है।लेकिन विडंबना यह है कि इन्हीं बेंचों पर अब खुलेआम अतिक्रमण कर दुकानें चलाई जा रही हैं। यह पूरा मामला एनडीएमसी प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस अतिक्रमण पर कब और क्या कार्रवाई करते हैं। स्थिति यह है कि राहगीरों और खासकर बुजुर्गों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिल पा रही। कई बुजुर्ग इधर-उधर बैठने की जगह तलाशते नजर आते हैं, लेकिन बेंचों पर दुकानों का कब्जा होने के कारण उन्हें मजबूरन खड़ा रहना पड़ता है या फिर इधर उधर जाना पड़ता है।

#### निगरानी करने वाला कोई नहीं

इलाके में घूम रहे लोगों का कहना है कि सरकारी सिस्टम ही ऐसा हो गया है, जहां न तो निगरानी है और न ही जिम्मेदारी तय करने वाला कोई। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा अतिक्रमण एनडीएमसी के बड़े अधिकारियों की नाक के नीचे पनप रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर खामोशी छाई हुई है।


प्रथम ई-ड्रा के लिए आवेदन आमंत्रित
UNDER HARYANA GOVT. AFFORDABLE HOUSING SCHEME 2013
U V LANDBASE PVT. LTD.
परियोजना विवरण
भुगतान योजना
For booking Enquiry Call us:
77770 16077
DIPLOMATS
Corporate Office : C01-0-14-01, 14th Floor, Emaar Colonnade, Sector-66, Golf Course Extn. Road, Gurugram, Haryana
Sales Office : 1116/1117, Tower No. 1, DLF Corporate Green, Sector-74 A, Gurugram, Haryana (122004)

**खबर संक्षेप**

## लड़ाई झगड़े के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी पाली की टीम ने लड़ाई झगड़े के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जोगिन्द्र निवासी पाली ने पुलिस चौकी पाली में एक शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 1 जनवरी को 3 लड़के उसके ऑफिस पर आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। जिसमें से एक लड़के कपिल ने उसके ऊपर धारदार हथियार से वार कर किया और व बाकी दो ने उसके साथ मारपीट की।

## अवैध नशा बेचने के मामले में तीन आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अवैध नशा बेचने के मामले में तीन अलग-अलग मामलो में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए सागर भाटिया निवासी पाकिस्तानी मोहल्ला एन ब्लाक एनआईटी फरीदाबाद को 480 ग्राम गांजा सहित लखानी धर्मशाला के पास से व अपराध शाखा पुलिस चौकी अनखीर फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है।

## लालच देकर 21 लाख रुपए रुपए की ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर 21,45,102 रुपए की ठगी के एक मामले में एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि न्यू फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 15 अक्टूबर 2025 को उसके टेलिग्राम पर एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें घर बैठे पैसे कमाने बारे कहा गया था।

# पांच दिवसीय फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफीज-कलायात्रा का आयोजन

### आयोजन में भारत के विभिन्न हिस्सों से दस प्रतिष्ठित नृत्य समूह ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफ़ीज़ कलायात्रा 2026 का औपचारिक रूप से कर्टेन रेज़र किया गया। यह अपनी तरह की पहली पाँच दिवसीय सांस्कृतिक यात्रा है, जिसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से आए दस प्रतिष्ठित नृत्य समूह भाग ले रहे हैं। दिल्ली सरकार (एनसीटी) के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा सेंटर फ़ॉर इंडियन क्लासिकल डांसेज़ ( कामाख्या कलापीठ) तथा पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के सहयोग से प्रस्तुत यह महोत्सव परंपरा में निहित समकालीन कोरियोग्राफिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भारतीय पारंपरिक नृत्य शैलियों, सनातन इतिहास तथा भारत के शाश्वत सभ्यतागत मूल्यों का उत्सव है। कर्टेन रेज़र कार्यक्रम की शोभा पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह, सेंटर फ़ॉर इंडियन क्लासिकल डांसेज़ की संस्थापक-अध्यक्ष एवं महोत्सव की दूरदर्शी क्यूरेटर, के साथ-साथ भारत की विविध नृत्य परंपराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिष्ठित गुरुओं, कोरियोग्राफ़रों और सांस्कृतिक नेतृत्वकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी।




वक्ताओं ने पारंपरिक नृत्य रूपों में नई कोरियोग्राफ़ियों की प्रासंगिकता, सांस्कृतिक चेतना के निर्माण में गुरुओं की भूमिका तथा ऐसे मंचों के महत्व पर विचार साझा किए, जो नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए भारतीय मूल्यों से जुड़े रहते हैं। इस अवसर पर डॉ. सोनल मानसिंह ने कहा, फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफ़ीज़ केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, यह एक सभ्यतागत संवाद है। हमारी शास्त्रीय परंपराओं को जीवंत, संवेदनशील और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए नई कोरियोग्राफियां आवश्यक हैं। जब नवाचार हमारी पवित्र बुद्धि और जीवन के अनुभवों में निहित होता है, तब वह परंपरा का विस्तार बनता है, उसका विच्छेद नहीं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफ़ीज़ 2026 की परिकल्पना ऐसे मंच के रूप में की गई है, युवा और वरिष्ठ कलाकार समान रूप से भारत की सांस्कृतिक विरासत से गहरे स्तर पर जुड़ते हुए ऐसी कथाएँ प्रस्तुत करेंगे, जो शाश्वत मूल्यों के साथ-साथ समकालीन समाज से भी संवाद स्थापित करती हैं।

कर्टेन रेज़र में अपने विचार साझा करने वाले प्रमुख वक्ताओं में बाबू पाणिक्कर, अध्यक्ष, इंटरनेशनल सेंटर फ़ॉर कथकली; वनश्री राव, प्रख्यात कुचिपुड़ी गुरु एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित, श्रीमती भास्वती मिश्रा, प्रख्यात कथक गुरु एवं कोरियोग्राफ़र, सिंधु मिश्रा, प्रख्यात गुरु एवं कोरियोग्राफ़र, भबानंद बरबयान, प्रख्यात सत्रिया गुरु एवं बिस्मिल्लाह ख़ान युवा पुरस्कार से सम्मानित, दीप्ति ओमचेरी, प्रख्यात मोहिनीअट्टम गुरु एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित, मीनाक्षी दास, ट्रस्टी, श्रीराम भारतीय कला केंद्र शामिल रहे। प्रत्येक वक्ता ने महोत्सव के राष्ट्रीय स्वरूप, प्रस्तुत की जा रही नृत्य अभिव्यक्तियों की विविधता तथा दिल्ली को भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित करने में इस आयोजन के महत्व पर बल दिया।

### मंत्री ने कहा- विकसित भारत जी राम जी से गांवों में आएगी रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रांति

# विकसित भारत जी-राम-जी से मजबूत होंगे गांव, तेजी से साकार होगा विकसित भारत का सपना: कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विकसित भारत- जीरामजी केवल रोजगार का वादा नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका की गारंटी है। जीरामजी योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगी। गरीब, जनजाति और पिछड़ा वर्ग को रोजगार मिले उसके लिए यह कानून आया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। इस कानून में पुराने प्रावधानों को संशोधित करते हुए गांवों को अधिक अधिकार और स्वायत्तता दी गई है।

गुर्जर ने कहा कि यह विधेयक वस्तुतः भारत के ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम है। भ्रष्टाचार-मुक्त ग्राम पंचायत, सुशासन और जनभागीदारी इसके प्रमुख उद्देश्य हैं, जिससे आत्मनिर्भर और सशक्त गांवों का निर्माण संभव होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गरीब, किसान और मजदूर का विकास ही हमेशा से प्राथमिकता पर रहा है। वर्ष 2014 में जब मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बनें, तब से उनकी सरकार ग्राम, गरीब, किसान के लिए समर्पित है और उनको सशक्त करने के लिए लगातार काम कर रही है । देश में लागू विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन




ग्रामीण कानून को लेकर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, जिला महामंत्री चौधरी प्रवीन गर्ग, शोभित अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह अरुआ, भारती भाकुनी, जिला सचिव मनीष छोंकर, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता एवं कार्यालय सचिव राज मदान, माधव रावत मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने आगे कहा कि मोदी जी ने 2047 तक देश को विकसित करने का लक्ष्य तय किया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए नए कानून बनायें गए हैं, नई योजनाएं लाई गईं हैं। मोदी सरकार का मानना है जब तक गांव विकसित नहीं होगा तब तक देश को विकसित बनाने के लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर सकते। विकसित भारत जी राम जी कानून ग्रामीण विकास का कानून है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने वाला कानून है। विकसित गांव के लक्ष्य को लेकर शुरू की गई विकसित भारत जी राम जी योजना का मुख्य उद्देश्य पुराने कानूनों की कमियों को दूर करना, व्यवस्था में पारदर्शिता लाना, भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाना और राज्यों के सहयोग से इस योजना का डिजिटलीकरण करना है। इसके साथ ही विकसित ग्राम पंचायतों का निर्माण, ग्राम पंचायतों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाएं तैयार करने का अधिकार देना और ग्रामीण सभाओं को सशक्त बनाना भी इस योजना के प्रमुख लक्ष्य हैं। इस योजना के अंतर्गत मजदूरों को वर्ष में 125 दिन का रोजगार प्रदान किया जाएगा। मजदूरी की राशि सात दिनों के भीतर सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी और यदि भुगतान में देरी होती है तो मजदूरों को ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा।

### महिलाओं को विशेष प्राथमिकता देने का प्रावधान

योजना के तहत एक नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी किया जाएगा, जो काम मांगने, मजदूरी प्राप्त करने और अपने अधिकारों की मांग के लिए एक मजबूत और वैध दस्तावेज होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धान की कटाई के दौरान 60 दिनों तक कार्य बंद रहेगा, ताकि खेती पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। योजना में प्रशासनिक व्यय को बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है तथा महिलाओं को विशेष प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत ग्रामीण विकास कार्यों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिससे कार्यों का निष्पादन तेजी और प्रभावी ढंग से हो सके। इन श्रेणियों में जल सुरक्षाए ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, जलवायु परिवर्तन से जुड़े कार्य, कृषि एवं पशुपालन से संबंधित विकास कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास के लिए अधिक बजट का प्रावधान भी किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह योजना गांवों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। , बल्कि आत्मनिर्भरता को भी नई मजबूती मिलेगी और गांवों में विकास की एक नई क्रांति आएगी। गुर्जर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में मनरेगा भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई थी और पारदर्शिता का अभाव था। नकली खाते खोले गए थे मरे हुए लोगो को भी वर्षों तक पैसा दिया जा रहा था जबकि घर वालों को पता तक नहीं था। हिसार का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सालों पहले आदमी मर चूका था और मरने के कई साल तक उसके खाते में पैसा जा रहा था ।

### एक अभियान जिंदगी के नाम जन-जागरूकता का संदेश

## विदाउट हेलमेट बाइक चालकों को बांटे गए 100 हेलमेट, ट्रैफिक नियमों की दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के राजनीतिक सचिव रहे अजय गौड़ ने एक अभियान जिंदगी के नाम के तहत आयोजित कार्यक्रम में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे सैकड़ों लोगों को रोककर उन्हें हेलमेट वितरित किए गए और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजक राकेश कुमार सुखवारिया, अरबिंद बक्शी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

इसका उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी किसी की जान ले सकती है, इसलिए हेलमेट और ट्रैफिक नियमों का पालन बेहद जरूरी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय गौड़ ने कहा कि आज सड़क दुर्घटनाओं में असमय मौतों की सबसे बड़ी वजह ट्रैफिक नियमों की अनदेखी है। एक छोटी गलती पूरे परिवार को बिखेर सकती है। उन्होंने एक अभियान जिंदगी के नाम की पूरी टीम का आभार जताते हुए कहा कि उनके जन्मदिन पर इस तरह का जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया गया है। कार्यक्रम में फरीदाबाद पुलिस के ट्रैफिक ताऊ ने भी लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और हेलमेट पहनने के फायदे बताए। इस मौके पर 100 हेलमेट वितरित किए गए तथा उपस्थित लोगों को हेलमेट पहनने की शपथ दिलाई गई। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में विशेष सहयोग जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा के राकेश कुमार मौर्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिंकू खनगवाल, जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा सहित अनेक पदाधिकारियों का रहा। इसके अलावा कार्यक्रम में अरविंद बक्शी ने कहा कि एक अभियान जिंदगी के नाम, रविंद्र पाल , चंदन, उमा, गुंजन नायक, राकेश, वेद नारायण, दिनेश , ओल्ड फरीदाबाद ट्रैफिक 3 संजय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

जीडीए ने निकाला मकानों का ड्रॉ, मकान पाकर खुशी से झूम उठे आवंटी

# पीएमएवाई योजना में 312 लोगों का घर का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

हर व्यक्ति के घर का सपना पूरा करने के उददेश्य से चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बुधवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने हिंदी भवन में ईडब्ल्यूएस भवनों का ड्रॉ किया। ग्राम डासना में बनाए जा रहे भवनों के ड्रा में जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार वाजपेयी व पीएमएवाई सेल से संबंधित अधिकारी व जीडीए पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अपर सचिव प्रदीप कुमार के निर्देशन में किए गए लकी ड्रॉ में उक्त योजना में आवेदन करने वाले आवेदक पहुंचे थे। जैसे ही ड्रॉ का क्रम शुरू हुआ तो लोगों की धड़कनें बढ़ने लगीं। एक के बाद एक जब भवन निकलने लगे तो आवंटी खुशी से झूम उठे। मकान का सपना पूरा होने पर कई आवंटियों के खुशी के मारे आंखों से आंसू छलक आए। बता दें कि गाजियाबाद विकास



प्राधिकरण द्वारा अपनी व निजी विकासकर्ताओं की विभिन्न आवासीय योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्बल वर्ग के लोगों को भी एक अदद मकान उपलब्ध करा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्बल आय वर्ग के लोगों को अनुदान राशि भी दी जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान पाकर लोग बेहद खुश है। उक्त योजना के तहत बुधवार को 312 मकानों का ड्रॉ संपन्न हुआ। बता दें कि एक सप्ताह पहले जीडीए सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाये जा रहे ईडब्ल्यूएस भवनों के आवंटन/कब्जा दिये जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी पीएम एवाई सेल द्वारा अवगत कराया गया था कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत प्राधिकरण की 05 योजनाओं मधुबन बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर राजनगर एक्सटेंशन, निवाड़ी मोदीनगर में निर्मित कराए जा रहे 3496 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष 2239 भवनों के आवंटन उपरान्त लगभग 2002 आवंटियों को आवंटन पत्र निर्गत किया जा चुका है।

### कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# जलवायु परिवर्तन अनुकूल पद्धति अपनाएं: विड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मुरादनगर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में मृदा विज्ञान विभाग सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना (पृथ्वी मंत्रालय भारत सरकार) अंतर्गत कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. पीके सिंह निदेशक प्रसार ने मौसम पूर्वानुमान आधारित खेती में परिवर्तन पर बल देते हुए जलवायु परिवर्तन अनुकूल पद्धति अपने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि रालोद के प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमेन अमरजीत सिंह बिड्डी ने मौसम पूर्व अनुमान प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए किसानों को उसके अनुरूप कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. यू.पी. शाही नोडल अधिकारी ने मौसम पूर्वानुमान परियोजना की विस्तृत जानकारी दी तथा किसानों को जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले कीटों व रोग की निगरानी करने एवं उसकी



जानकारी देने की सलाह दी जिससे अनुसंधान कार्य किए जा सके। डॉ. डीके सिंह प्रोफेसर पशु विज्ञान ने प्रतिकूल मौसम में पशुओं को सावधानी से रखने की सलाह दी। केंद्र प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने जलवायु अनुकूल किस्मों एवं तकनीकों की जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ. आकांक्षा सिंह ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं मौसम पूर्व अनुमान ऐप की जानकारी दी। डॉ. सरिता जोशी ने मौसम अनुकूल किचन गार्डन, डॉ. चंद्रपाल गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में स्नातक कृषि छात्रों को रावे प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में राहुल चौधरी, अवनीश त्यागी, जयवीर यादव, सुनील चौहान, प्रदीप यादव, आकांक्षा सिंह, वाणी सहित 78 कृषकों वह छात्रों ने भाग लिया।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 489 दिनांक 11.12.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना गन्नौर जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- अमजद।
पिता का नाम - इस्लाम।
पता - शास्त्री नगर त. गन्नौर जिला सोनीपत राज्य हरियाणा।
उम्र - 18 वर्ष।
कद - 5 फुट।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काले कैरी आँखे, दीमागी रुप से मंदबुधी है।
पहनावा - नीले रंग की शर्ट, ग्रे रंग की पैन्ट व पैरों में सैन्डल पहने हुए।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2025 को अमजद पुत्र इस्लाम वासी शास्त्री नगर त. गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चला गया है। जो अब तक वापिस नही आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो० न0 - 7419410542**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 7419410363**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4328/2026/41838/88/7 दि. 07.01.26

गंदे पानी और सीवरेज की समस्याओं का अधिकारी तुरंत करें समाधान

# मुख्य चौराहों पार्कों पर लगाई जाएगी हाई मास्क लाइट: पं मूलचंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने बुधवार को बल्लभगढ़ रेस्ट हाउस में नगर निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बल्लभगढ़ क्षेत्र के सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पार्षद नगर निगम अधिकारियों के साथ आपसी तालमेल बनाकर नागरिकों से प्राप्त होने वाली पानी व सीवर संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी



चाहिए। इसके अतिरिक्त विधायक ने पार्षदों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में उन गलियों का डाटा तैयार करें, ताकि वहां शीघ्र पोल व स्ट्रीट लाइट लगवाने की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी वार्डों के पार्कों, श्मशान घाटों तथा प्रमुख चौराहों को चिह्नित करने के निर्देश भी दिए, जहां हाई मास्क लाइट लगाए जाने की आवश्यकता है, ताकि रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो सके। बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई, कचरा उठान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (3 अदद 16 पैसेंजर लिफ्ट और 3 अदद 20 पैसेंजर का प्रावधान केवल)। | 02.01.2026 15.01.2026 | 153.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed- hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | मडलौडा जिला पानीपत में राजकीय महाविद्यालय के द्वितीय तल का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 07.01.2026 15.01.2026 | 205.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव बरसाना में विष्णुपाद तीर्थ का विकास। | बंद होने की तिथि 13.01.2026 | 70.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (20 केवीए ऑनलाइन यूपीएस का प्रावधान केवल)। | 06.01.2026 12.01.2026 | 4.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (हिसार निर्वाचन क्षेत्र) हिसार आरडी 0.00 से 1.69 कि.मी. पर एनजीएम के साथ-साथ लाहोरिया चौक से मिल गेट पुलिस चौकी तक रोड का सुधार (स्ट्रीट लाइट की मरम्मत) (बकाया कार्य)। | 06.01.2026 12.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन रेवाड़ी | एंड्रोयड टेबलेट्स की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 09.01.2026 26.01.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813813469 dhs.csrwr@hry.nic.in |
| 7 | वन विभाग सिरसा | हवा से गिरे हुए पेड़ों को हटाने और इकट्ठा करने के लिए सार्वजनिक सूचना के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 15.01.2026 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव निगधू ब्लॉक नीलोखेड़ी जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निकट दो आंगनवाड़ी केन्द्र को पूरा करना। | 06.01.2026 15.01.2026 | 5.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव बड़ागांव ब्लॉक कुंजपुरा जिला करनाल में अम्बेडकर भवन में ई.आई. का प्रावधान। | 06.01.2026 13.01.2026 | 1.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज भिवानी | गांव-भुरताना ब्लॉक-बवानी खेड़ा में ड्रेनेज नालों का निर्माण, स्कीम-डीएमएफ। | 06.01.2026 13.01.2026 | 99.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज भिवानी | गांव राजगढ़ ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी में व्यायामशाला से दोबा तालाब और आर्य स्कूल से ढाणी गुजरान तक टो वॉल और आईपीबी सहित पथ की पेवमेंट, स्कीम खेत खलिहान, सी.एम. कोड 24219. | 06.01.2026 16.01.2026 | 134.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 162900/आर जेएलएन फीडर पर हैड रेगुलेटर की मरम्मत और रखरखाव (ऐस्केप रोहतक लिंक ड्रेन) + 1 कार्य। | 06.01.2026 13.01.2026 | 3.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/240/41840/I/88/7 दि. 07.01.26

खबर संक्षेप

## यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा पूरी तरह रद्द



**लखनऊ।** यूपी में सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। राज्य सरकार ने यूपी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा को पूरी तरह रद्द कर दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद इस फैसले की जानकारी दी है। परीक्षा में गड़बड़ी और अवैध धन वसूली के संकेत मिलने के बाद सरकार ने सख्त कदम उठाया है। जांच एजेंसी एसटीएफ को परीक्षा से जुड़े मामले में गंभीर अनियमितताओं के सुराग मिले थे।

## बिहार में नुसरत परवीन ने ज्वाइन की नौकरी



**पटना।** हिजाब विवाद नुसरत परवीन ने नौकरी ज्वाइन कर ली है। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है। बांका के सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह के अनुसार, नुसरत परवीन का मेडिकल चेकअप 6 जनवरी को संपन्न हुआ था। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद उन्होंने उसी दिन अपनी ज्वाइनिंग रिपोर्ट सौंप दी। इस मामले पर और बोलने से उन्होंने इंकार कर दिया।

## हत्यारोपी पति और प्रेमिका ने किया सरेंडर



**रांची।** पलामू में प्रियंका देवी हत्याकांड के सामने आने के सातवें दिन आरोपी पति रंजीत मेहता और उसकी प्रेमिका ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अब दोनों को रिमांड पर लेकर मामले में पूछताछ करेगी। रंजीत मेहता पर आरोप है कि प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी प्रियंका देवी की हत्या की। अवैध संबंध में पत्नी के बाधा बनने के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया।

# दिवाली के अलावा होंगे अयोध्या में इस साल बड़े धार्मिक कार्यक्रम

प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या एक बार फिर आस्था, उत्सव और भव्य आयोजनों का साक्षी बनने जा रही है। वर्ष 2026 में राम मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक धार्मिक आयोजनों की ऐसी श्रृंखला शुरू होगी, जिसमें सम्मान समारोह, रामनवमी, सावन झूला मेला, दीपोत्सव और कार्तिक मास के कल्पवास तक शामिल हैं। आज हम आपको बताएंगे साल 2026 के वो धार्मिक इवेंट जो अयोध्या में होंगे और उन पर सभी की नजर रहेगी।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में साल 2026 की शुरुआत में सबसे पहले 19 मार्च को राम मंदिर परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में राम मंदिर को भव्य और दिव्य स्वरूप देने में योगदान देने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया जाएगा।

राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर निर्माण और उससे जुड़े छोटे-बड़े कार्यों में लगे श्रमिकों की सूची तैयार की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सूत्रों के अनुसार, 19 मार्च को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर एक बार फिर अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

### वर्ष 2026 में अयोध्याधाम में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद



है। वहीं 26 और 27 मार्च 2026 को अयोध्या में रामनवमी का भव्य पर्व मनाया जाएगा। रामनवमी के अवसर पर राम मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। इसी परंपरा के अनुसार ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणों से भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक किया जाएगा। इस दौरान अयोध्या में लाखों श्रद्धालु मौजूद रहेंगे और कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर नजर आएगा। इसके अलावा अयोध्या में सावन झूला मेला हर वर्ष की तरह हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि से प्रारंभ होकर पूरे सावन माह तक चलेगा। वर्ष 2026 में सावन मास 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता के विग्रहों को मणि पर्वत पर झुलाया जाता है। वहीं विभिन्न मठ-मंदिरों में विराजमान भगवान झूला उत्सव का आनंद लेते हैं। सावन में एक ओर श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं, तो दूसरी ओर राम-सीता के झूला दर्शन करते हैं। योगी सरकार के कार्यकाल में अयोध्या में प्रतिवर्ष भव्य दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाता है। वर्ष 2026 में 7 नवंबर को छोटी दीपावली मनाई जाएगी।

दीपावली से एक दिन पहले राम की पैड़ी पर लाखों दीपक जलाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। दीपावली के अवसर पर भी अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। दीपोत्सव के मौके पर पूरी अयोध्या नगरी को दीपों से सजाया जाता है रंग बिरंगी लाइट लगाई जाती हैं।

### मचा सियासी बवाल, पूरे मंत्रिमंडल को जमीन पर उतरने के निर्देश दिए


# यूपी में एसआईआर में 2.89 करोड़ वोटरों की छंटनी के बाद एक्शन में सीएम योगी, मंत्रियों को फील्ड पर भेजा

एसआईआर की ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद सभी मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने क्षेत्रों में जाएं और पड़ताल करें कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में कौन पात्र लोग शामिल होने से रह गए हैं, कितने अपात्र लोगों को इसमें जगह दी गई है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में 2.89 करोड़ (18.71%) मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। राज्य में 15.44 करोड़ वोटर थे, जो अब 12.55 करोड़ रह गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी की। इसके साथ ही इस बात की चर्चा भी शुरू हो गई है कि वोटरों की इस छंटनी का नुकसान सबसे ज्यादा किसे होगा? इस बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ऐक्शन मोड में आ गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर और विकसित भारत जी राम जी योजना के मसले पर उन्होंने पूरे मंत्रिमंडल को जमीन पर उतरने के निर्देश दिए हैं।





एसआईआर की ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद अब सभी मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने क्षेत्रों में जाएं और पड़ताल करें कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में कौन पात्र लोग शामिल होने से रह गए हैं और कितने अपात्र लोगों को इसमें जगह दी गई है। इसके अलावा उन्हें वीबी जी राम जी योजना के लिए भी प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है। इस साल प्रस्तावित पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार की अहम योजना रही मनरेगा की जगह अब केंद्र सरकार ने विकसित भारत रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जीरामजी) शुरू किया है। योजना को लेकर विपक्ष लामबंद है। भाजपा ने तो जवाब की योजना तैयार कर ही रखी है। अब जवाबी हमले में योगी सरकार भी उतरेगी। सभी मंत्रियों को उनके प्रभार के जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से योजना के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे योजना के लाभ और मनरेगा की कमियां जनता से साझा करें।

### एक करोड़ वोटरों से मांगे दस्तावेज

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी की। इसके अनुसार, वोटर लिस्ट में शामिल 12.55 करोड़ मतदाताओं में से 91.75 प्रतिशत की मैपिंग कर ली गई है। जिन लोगों के नाम मैपिंग में नहीं मिले हैं, उन 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे जाएंगे। मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां छह फरवरी तक की जा सकेंगी। अंतिम मतदाता सूची छह मार्च को जारी होगी।

### सबसे ज्यादा लखनऊ में कटे हैं नाम

*सूची में सबसे ज्यादा 12 लाख मतदाताओं के नाम लखनऊ में कटे हैं। महोबा में सबसे कम 85,354 वोटरों के नाम ही कटेंगे। सीईओ रिणवा ने बताया कि अभी सिर्फ नई मतदाता सूची ही एसआईआर के बाद तैयार करने के निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि सूची में जिन लोगों के नाम कटे हैं वे 13 दस्तावेजों में से कोई एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को देंगे। सीईओ ने बताया कि 27 अक्तूबर को फ्रीज की गई मसौदा मतदाता सूची में मतदाता की जो तस्वीर थी, वही रहेगी। ऐसे तमाम मतदाता हैं जिन्होंने गणना प्रपत्र पर नवीनतम तस्वीर नहीं लगाई है, मगर उनकी मैपिंग हो गई है। जिन्होंने लोगों ने तस्वीर उपलब्ध करा दी है उनकी मतदाता सूची में वही नवीनतम तस्वीर अपडेट हो जाएगी।*

### लखनऊ से अयोध्या तक भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर

## अयोध्या में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की तैयारी प्रारंभ, अब 12 जनवरी को आएंगे



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी अब दस की बजाय 12 जनवरी को अयोध्या आएंगे। वह दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहीं से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। लखनऊ से लेकर अयोध्या तक उनके स्वागत की तैयारी की जाने लगी है।

अयोध्या जिले की सीमा पर विशेष स्वागत होगा। इसे भव्यतम रूप दिया जा रहा है। जगह-जगह नेताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी, जहां बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता माला पहना कर नये अध्यक्ष का स्वागत करेंगे। इसी कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय रामनगरी पहुंचे। उन्होंने पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अवध क्षेत्र के पदाधिकारियों की प्रस्तावित बैठक की विस्तृत जानकारी दी। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय गए, जहां स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह का निरीक्षण किया। इसी सभागार में अवध क्षेत्र के समस्त जिलों के एक हजार से अधिक पदाधिकारियों की बैठक होनी तय है। बैठक में संजय राय ने लखनऊ से अयोध्या तक स्वागत की रूपरेखा तैयार की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम 12 जनवरी का तय हुआ है। अविवि के निरीक्षण के समय जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व पूर्व महापौर रिषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल व महामंत्री शैलेंद्र कोरी व सामाजिक कार्यकर्ता रवि सिंह मौजूद रहे। हालांकि, राजकीय इंटर कालेज में प्रस्तावित स्वागत सभा को लेकर शीर्ष स्तर पर मंत्रणा चल रही है। इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।

# पेज एक के शेष

## नए साल के मौके पर ...

विचार-विमर्श किया गया'।

**स्थायी शांति प्रयासों को भारत का समर्थन:** मंत्रालय ने कहा कि दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम-एशिया की स्थिति और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए जारी सभी प्रयासों को भारत की ओर से निरंतर समर्थन देने की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी वार्ता में आगामी वर्ष में भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की है। जो समान लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और एक आगे की ओर बढ़ने वाले विजन जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। दोनों ने वैश्विक चुनौती के रूप में दुनिया के सामने खड़े आतंकवाद और उसके सभी रूपों, प्रकारों के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की सोच के साथ मुकाबला करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को पूरी दृढ़ता के साथ दोहराया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा ...

में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है। इसे वैज्ञानिक तरीके से करना होगा। समस्या यह है कि कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। 18 दिसंबर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या?

## भारत को अपनी 'मुफ्त ...

मौजूदा घटनाक्रम पर भारत के रुख को पहली बार सार्वजनिक रूप से दुनिया के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि हमारी पड़ोस सबसे पहले की नीति (नेबरहुड फर्स्ट) के तहत, संकट के समय पर भारत ने इलाके में अपने निकट पड़ोसी देशों तक तत्काल जरूरी मदद और सहायता प्रदान की है। लेकिन पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध एक 'अपवाद' हैं। क्योंकि वहां के शहरों में सार्वजनिक रूप से आतंकवादियों के प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। जिनके बारे में पूरी दुनिया जानती है। पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ यानी संबंध भी किसी से छिपे हुए नहीं हैं। हमारा पड़ोसी देश और उसकी सेना अपनी इस कवायद को सामान्य भी बनाती रही है। जिसे हम कतई स्वीकार नहीं करेंगे और आतंकवाद का हमेशा पुरजोर अंदाज में विरोध करेंगे। इन सबके बीच दुनिया के तमाम देशों के साथ हमारे संबंधों को लेकर भारत का स्पष्ट रुख यह है कि जो देश हमारे साथ अच्छा और सकारात्मक व्यवहार करेगा। हम भी उसके साथ वैसा ही करेंगे। लेकिन जो पाकिस्तान की राह पर चलेगा। उसके साथ निपटने का हमारा तरीका और जवाब बिल्कुल अलग होगा। डॉ.जयशंकर की यह दोनों टिप्पणियां लक्जमबर्ग के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल के साथ हुई द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक और उसके बाद भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान की गई हैं।

**वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा चाहता भारत :** विदेश मंत्री ने लक्जमबर्ग के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल के साथ बैठक के बाद कहा कि भारत वेनेजुएला के मौजूदा घटनाक्रम को लेकर चिंतित है। हमारी सभी पक्षों से यह अपील है कि वो एक साथ बैठकर वेनेजुएला के आम लोगों के हितों और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए काम करें। उन्हें और उनके देश को लेकर हमारी यही मुख्य चिंता है। वेनेजुएला के साथ भारत के काफी लंबे समय से अच्छे संबंध रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि वहां के लोग सुरक्षित स्थिति में अच्छी तरह से रहें।

**भारत का महत्वपूर्ण भागीदार लक्जमबर्ग :** विदेश मंत्री बेटेल के साथ हुई चर्चा के दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत मानता है कि लक्जमबर्ग हमारा एक अहम भागीदार देश है। जिसमें द्विपक्षीय से लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) का मामला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आपके प्रभाव से इस व्यापक संबंध को आकार मिलता है और जो सहयोग आपने दिया है। वह हमारे लिए बहुत अधिक मूल्यवान है। हमारे बीच व्यापारिक संबंध भी काफी मजबूत हैं। लेकिन इसके अलावा भी हमें आपसी सहयोग के कई अन्य क्षेत्रों में भी संबंधों को आगे बढ़ाना चाहिए।

**ग्रैंड ड्यूक गुइलौम के साथ हुई मुलाकात :** उन्होंने लक्जमबर्ग के ग्रैंड ड्यूक गुइलौम से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से दी गई शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही उन्होंने कहा कि हम भारत के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण और द्विपक्षीय भागीदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए दिए गए सहयोग को लेकर उनकी सराहना करते हैं।

## पश्चिम को खुद के ...

पश्चिम की एक और सच्चाई ये भी है कि उनकी कथनी और करनी में साफ अंतर देखने को मिलता है। ये देश अधिकतर अपने फायदे की जगहों पर ही कार्रवाई करते हैं। अगर इन्हें भारत के संबंध में इतनी ही चिंता है। तो फिर दूसरी तरफ ये अपने क्षेत्रों के अंदर झांककर देखने यानी वहां पर फैली हिंसा को देखने की कोशिश क्यों नहीं करते हैं? जयशंकर ने 7 से 10 मई 2025 को की गई भारत की सैन्य कार्रवाई का बचाव करते हुए पश्चिमी प्रतिक्रिया को पाखंड करार दिया और कहा कि भारत किसी बाहरी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। बल्कि वह अपनी सुरक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ेगा।

## इसलिए पाक को मिलता ...

पहले अपनी सहायता टुकड़ी भेजकर मदद पहुंचाई। इसके बाद मैं, प्रधानमंत्री का विशेष दूत बनकर श्रीलंका गया और मैंने वहां पर बड़े आर्थिक सहायता पैकेज देने की घोषणा की है। म्यांमार में भूकंप आया, कई लोग मारे गए। दुनिया के कई देशों ने म्यांमार के मौजूदा हालातों की वजह से उसे मदद देने से परहेज किया। लेकिन भारत मदद देने के लिए आगे आया। हमने म्यांमार में सैन्य अस्पताल स्थापित किया और इस प्राकृतिक आपदा में लापता लोगों की तलाश के लिए राहत-बचाव अभियान चलाया। उन्होंने कहा, यह भारत ही था। जिसने अफगानिस्तान में आए भूकंप में भी सबसे पहले मदद प्रदान की थी।

## पीएम मोदी को मैंने ...

बहुत अच्छा रिश्ता है। लेकिन वो मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, प्लीज। जवाब में मैंने कहा ठीक है, हां आप आ सकते हैं। बताते चलें 2025 की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के उन चंद नेताओं में शुमार रहे हैं। जिनकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद प्रत्यक्ष रूप से वाशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई थी।

**मैंने लगाया टैरिफ, तभी तो नाराज हैं मोदी :** उन्होंने कहा कि भारत की रूस से तेल खरीद को लेकर हमने नई दिल्ली पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग भी शामिल है। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी मुझसे नाराज हैं। अमेरिका ने भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया है। लेकिन बातचीत से हालात में बदलाव आ सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोहराया कि मेरे और प्रधानमंत्री मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे हैं। लेकिन यहां उन्हें रूस से तेल खरीद पर काफी टैरिफ चुकाना पड़ रहा है। जिसे लेकर वो मुझसे खफा हैं। उन्होंने ये दावा भी किया कि भारत हालांकि रूस से तेल नहीं खरीदना चाहता था। लेकिन वो फिर भी उनसे तेल खरीद रहे हैं। हमने वहां से अपने देश में आने वाले सामान पर टैरिफ लगाया है। अब आप जानते हैं कि उन्होंने रूस से अपनी तेल की खरीद को काफी कम कर दिया है। अमेरिका 50 फीसदी टैरिफ को लेकर ये कहता रहा है कि इसके पीछे भारत द्वारा यूक्रेन युद्ध को और अधिक बढ़ावा देने के लिए रूस को वित्तीय मदद यानी ईंधन प्रदान किया जा रहा है। जिसके जरिए रूस लगभग रोजाना यूक्रेन के कई बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतार रहा है।

**ट्रंप दे चुके और टैरिफ बढ़ाने की धमकी :** गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति का यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब बीते दिनों उन्होंने भारत को रूस से तेल की खरीद जारी रखने पर भविष्य में और अधिक टैरिफ की मार झेलने के लिए तैयार रहने की बेहद गंभीर चेतावनी दी है। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो भारत पर वर्तमान समय में अमेरिका ने दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जबकि इस मामले को लेकर भारत यह साफ कर चुका है कि उसकी तेल खरीद का निर्णय पूरी तरह से घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा मांग की पूर्ति करने के लिए लिया गया है। इसमें वैश्विक परिदृश्य और बाजारों की स्थिति का नई दिल्ली द्वारा व्यापक आकलन किया जाता है। पिछले साल किए गए अपने रूस दौरे में विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने भी अमेरिकी टैरिफ के फैसले को अनुचित बताते हुए कहा था कि एशिया में मौजूदा दौर में भारत नहीं बल्कि चीन रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा है। लेकिन अमेरिका ने उस पर 50 नहीं बल्कि 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। यह कहीं से भी उचित नहीं है। वहीं, भारत ये भी कह चुका है कि एक ऐसे दौर में जब खुद अमेरिका रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखे हुए है। तो वो भारत को ऐसा करने से कैसे रोक सकता है?

## सम्मेलन- 2026 की ...

एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे, जिसका विषय है— "एक समावेशी, शांतिपूर्ण, सहनशील और सशक्त विश्व के लिए लोकतंत्र।"

संस्था के महानिदेशक राकेश वर्मा ने मीडिया से बातचीत में सम्मेलन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि आईसीडीईएम2026 निर्वाचन प्रबंधन निकायों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक प्रभावी वैश्विक मंच के रूप में कार्य करेगा। इससे समसामयिक चुनावी चुनौतियों की साझा समझ विकसित करने, सर्वोत्तम प्रचलनों और नवाचारों के आदान-प्रदान तथा संयुक्त समाधान तय करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर सम्मेलन के आधिकारिक लोगो का अनावरण भी किया गया।

सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को भारत के निर्वाचन ढांचे, प्रक्रियाओं और तकनीकी नवाचारों से भी अवगत कराया जाएगा, जिनकी वजह से भारतीय चुनाव व्यवस्था को विभिन्न लोकतंत्रों के लिए अनुकरणीय माना जाता है। आईसीडीईएम 2026 के कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र, निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के पूर्णाधिवेशन (प्लेनरी सेशंस), कार्य-समूह की बैठकें, इसीआइ नेट का शुभारंभ तथा वैश्विक चुनावी विषयों, मॉडल अंतरराष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में बेहतरीन प्रचलनों एवं नवाचारों पर आधारित विषयगत सत्र शामिल होंगे।

तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर सम्मेलन में भाग ले रहे ईएमबी प्रमुखों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इस सम्मेलन में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। इनमें 4 आईआईटी, 6 आईआईएम, 12 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और भारतीय जनसंचार संस्थान शामिल हैं। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों तथा राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के नेतृत्व में कुल 36 थीम आधारित समूह इन चर्चाओं में योगदान देंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को द्वारका स्थित संस्था परिसर का दौरा भी कराया गया। यह संस्थान चुनावों के आयोजन और संचालन में क्षमता निर्माण के लिए विश्व के सबसे बड़े केंद्रों में तेजी से उभर रहा है तथा वैश्विक मानकों के विकास और अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक सहयोग में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को सशक्त बना रहा है।

## रक्षा मंत्री सिंह...

सिन्हा भारतीय सेना के एक विशिष्ट अधिकारी थे। बाद में उन्होने नेपाल में राजदूत और असम, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। व्याख्यान के मौके पर रक्षा मंत्री ने पूर्व सैन्य अधिकारी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

**बताया महान सैनिक, राजनयिक:** उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा की राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण की प्रशंसा की और कहा कि वो देश के एक महान सैनिक, राजनयिक और राष्ट्राध्यक्ष थे। उन्होंने हमेशा देश को सर्वोपरि रखा। राजनाथ से अपने संदेश में उस दौर को भी याद किया जब 1926 में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा ने द्वितीय विश्व युद्ध में बर्मा के मोर्चे पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश का प्रतिनिधित्व किया था। 1947 में भी उन्होंने पाकिस्तान समर्थित बलों को कश्मीर की ओर बढ़ने के दौरान भारतीय सेना की श्रीनगर तक पहली एयरलिफ्ट के समन्वय में अहम योगदान दिया। उनकी पेशेवर दक्षता, भारतीय व ब्रिटिश स्टाफ कॉलेजों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने उन्हें असाधारण बुद्धि का धनी बहादुर अधिकारी बताया। साथ ही कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा ने सैन्य खुफिया निदेशक, एडजुटेंट जनरल और विभिन्न कमान पदों पर रहते हुए सेना को आधुनिक सोच, संस्थागत मजबूती प्रदान करने के लिए अधिक प्रयास किए। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका यह योगदान जारी रहा। उन्होंने कहा कि यदि भारत एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनना चाहता है तो लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा के आदर्शों से सीख लें। व्याख्यान को सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने संबोधित किया। इस अवसर पर तीन पूर्व सेनाप्रमुख (जनरल एन.सी विज, दीपक कपूर और दलबीर सिंह सुहाग) मौजूद रहे।

## भूपेश, विस...

जॉर्ज, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और बिहार के युवा नेता कन्हैया कुमार को सौंपी गई है।

तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, उत्तम कुमार रेड्डी और क़ाज़ी मोहम्मद निज़ामुद्दीन को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों की निगरानी सुदीप रॉय बर्मन, शकील अहमद ख़ान और प्रकाश जोशी करेंगे।

कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि अनुभवी नेताओं को वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपने से संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूती मिलेगी और चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। ये पर्यवेक्षक राज्य इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों, चुनावी तैयारियों और उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर नज़र रखेंगे।

### सीमांकन से पहले होगी जांच

## फोरलेन निर्माण को लेकर बड़ा कदम 36 गांवों में होगी जमीन की मापी



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

फोरलेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। मुजफ्फरपुर जिले के 36 गांवों में भूमि की मापी और सीमांकन कराया जाएगा। यह प्रक्रिया जमीन अधिग्रहण से पहले की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद न हो।

जानकारी के अनुसार, एनएच-28 और एनएच-122बी के फोरलेन निर्माण के लिए यह कदम उठाया गया है। वर्तमान में जिन गांवों से होकर सड़क गुजरनी है, वहां की वर्तमान स्थिति की जांच और भूमि का सत्यापन किया जाएगा। फोरलेन निर्माण को लेकर जिले के तीन प्रखंडों के दर्जनों गांवों को चिह्नित किया गया है। इनमें मड़वन, कांटी, मीनापुर सहित कई इलाके शामिल हैं, जहां जमीन की मापी कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा।

बताया गया है कि वर्ष 1960-65 और 2014-15 के दौरान हुए सड़क निर्माण में जिन जमीनों का अधिग्रहण हुआ था, उनकी भी स्थिति की समीक्षा की जाएगी। कई जगहों पर मुआवजे और सीमांकन को लेकर आपत्तियां सामने आई थीं।

### अब तक 17 की गई जान

## झारखंड में जंगली हाथी का आतंक एक रात में सात लोगों को मार डाला

एजेंसी ▶▶ रांची



नोवामुंडी प्रखंड के जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबरिया गांव में 6 जनवरी की रात जंगली हाथी के हमले से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा दूसरे परिवार के एक सदस्य की भी हाथी के हमले में जान चली गई। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है।

बताया गया कि सभी लोग अपने घर में सो रहे थे, तभी हाथी ने अचानक घर पर हमला कर दिया। इस दौरान परिवार का एक बच्चा किसी तरह जान बचाने में सफल रहा। बाबरिया गांव में मृतकों की पहचान सनातन मेराल, उनकी पत्नी जोंकों कुई, उनके दो मासूम बच्चों और मोगदा लागुरी (दूसरे परिवार से) के रूप में हुई है। हाथी का आतंक बाबरिया गांव तक सीमित नहीं रहा। बड़ा पासीया गांव में भी हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं लांपाईसाई गांव में एक अन्य ग्रामीण को हाथी ने रौंदकर मार डाला। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर वन विभाग और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। हाथी की निगरानी की जा रही है।



# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर


आप भी अकसर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

अवेयरनेस

प्रतिभा अग्निहोत्री



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टर सलाह अवश्य लें।





**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।



**Rx(आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx (एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।

**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. योगेश कुलकर्णी

हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।





**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।



## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी

सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेड़ू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार



यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-

**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



फिटनेस

डॉ. माजिद अलीम

स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग

आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।



## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर

कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्टिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।



## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से यही प्रक्रिया दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।

**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *



# नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के अनुरूप किया जाए क्रियान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित किया जाए। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, नगरीय क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ाने, नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा संचालक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कंपनी के प्रबंधकीय, वित्तीय और लेखा परीक्षा तथा अंकेक्षण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। 'नमामि गंगा अभियान' के समान ही 'नमामि नर्मदे परियोजना' पर कार्य आरंभ कर नर्मदा नदी तट की नगरीय बसाहटों के ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुधार और उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरती जाए।

**खास बातें**

- जनहित में नगरों में निजी निवेश को प्रोत्साहन, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग और अन्य गतिविधियों को प्राथमिकता से करें : डॉ. यादव
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की हुई बैठक

### व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई



संचालक मंडल की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन प्रस्तावित है। परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी प्रभाग के अंतर्गत नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने, जन हित कार्यों में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय अनुशासन, नीति आयोग तथा अन्य संबद्ध विभागों से समन्वय तथा मेट्रोपोलिटन एरिया डेवलपमेंट प्लानिंग को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसमें सोलर प्रोजेक्ट्स, हरित बांड, अप्रयुक्त परिसंपत्तियों के वैकल्पिक उपयोग जैसे नवाचार भी प्रस्तावित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के अंतर्गत ई-नगर पालिका प्रणाली, सीसीटीवी-जीआईएस आधारित निगरानी व्यवस्था, नागरिक सेवा प्लेटफार्म के उन्नयन, टोल संग्रह ई-पोर्टल एवं ऑनलाइन राजस्व संग्रहण जैसी स्मार्ट सिटी प्रणालियां संचालित की जाएंगी।

### 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नगरीय निकायों के आस-पास के क्षेत्रों के नियोजित विकास के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्मदा और तापी नदी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नदियों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से करें। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, उद्योग विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा

बैठक में बताया गया कि शहरी गतिशीलता प्रभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईवी पॉलिसी क्रियान्वयन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, रोपवे, मल्टी लेवल पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल सेवा, सिटी मोबिलिटी प्लान तथा ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संजय दुबे, दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, पी नरहरि, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं आवास संकेत भोंडवे तथा कंपनी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पेपर लेस बूथ से चुनी जाएगी ग्राम सरकार

**भोपाल।** डिजिटल मतदान प्रक्रिया के लिए पेपरलेस बूथ के नवाचार को मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत उपनिर्वाचन के रिकॉर्ड 77 मतदान केंद्रों पर किया गया। मतदाताओं को इस नवीन प्रक्रिया के बारे में आयोग की ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू द्वारा जागरूक किया गया। सारिका ने इन गतिविधियों की रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त को सौंपी। इस अवसर पर उपसचिव डॉ. सुतेश कुमार शाक्य, प्रियांशी भंवर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ननि में गठित होगी टाउन वेंडिंग कमेटी

**भोपाल।** राज्य सरकार अब नगरीय निकायों में पथ विक्रेताओं के लिए बने पथ विक्रेता अधिनियम 2014 को ध्यान में रखकर टाउन वेंडिंग कमेटियों का गठन निर्वाचन प्रक्रिया से कराने जा रही है। इसको लेकर संचालनालय द्वारा 5 जनवरी को राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं सहित जिला शहरी विकास अभिकरण को पत्र लिखा गया है। बता दे कि देश भर में सड़क किनारे, हाट बाज़ारों, ठेलों पर रोजमर्रा का सामान, सब्जी आदि बेचकर अपनी आजीविका चलाने वाले पथ विक्रेताओं के लिए 2014 में पथ विक्रेताओं की आजीविका संरक्षण एवं विनियमन अधिनियम लागू किया गया था।

### नगर निगम पर लगाई 35 हजार रुपए पेनाल्टी

**भोपाल।** कंज्यूमर फोरम ने नगर निगम पर 35 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई है। साथ ही हितग्राही को मुआवजे के भुगतान का आदेश दिया है। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय पर आवास न दिए जाने का बताया जा रहा है। हितग्राही ने अरेरा कॉलोनी के 12 नंबर स्थित मल्टी में आवास बुक किया था। 2021 में फ्लैट बुक करने के बाद भी अब तक नगर निगम हितग्राहियों को फ्लैट हैंडओवर नहीं कर पाया। हितग्राही ने कंज्यूमर फोरम में आवेदन लगाया, जिस पर यह पेनाल्टी लगाई गई है। हालांकि इसकी पुष्टि निगम प्रशासन की ओर से नहीं की गई है।

### कांग्रेस की नीति मुस्लिम तुष्टीकरण की: शर्मा

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरजिल इमाम को जमानत न देने को लेकर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर



शर्मा ने दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के पाकिस्तान प्रेम की बात कही। रामेश्वर ने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह आप आतंकवादियों को अनेक बार जी लगाकर सम्मान दे चुके हो। इसका मतलब कांग्रेस और दिग्विजय सिंह, उनकी चाटुकारिता की नीति, मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति यह देश को धोखा देने का काम कर रहे हैं। इसलिए हिंदुस्तानियों सतर्क और सावधान हो जाओ। कांग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह और राहुल गांधी पाकिस्तान के एजेंट के रूप में वो काम कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में दूसरे दिन प्री-बजट परामर्श सत्र में लिए सुझाव

# खरखौदा में साइबर सिटी, राई में होलसेल मार्केट व ईवी पार्क बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को को लगातार दूसरे दिन शहर के सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस में हरियाणा विजन-2047 के लिए आगामी बजट के लिए महत्वपूर्ण प्री-बजट परामर्श सत्रों की अध्यक्षता की। इस दौरान सीएम ने कहा कि उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार ने आगामी बजट के लिए यह लक्ष्य रखा है कि बजट अधिक से अधिक रोजगार परक और उद्योगों के अनुकूल हो, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले व 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में हरियाणा का योगदान अग्रणी हो। सीएम ने कहा कि खरखौदा में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सैटेलाइट शहर बसाने की योजना है। इसके साथ-साथ राई में होलसेल मार्केट बनाई जाएगी। इसको लेकर व्यापारियों ने संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में ईवी पार्क बनाने का लक्ष्य भी रखा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईएमटी खरखौदा के विस्तार के लिए 3 करोड़ रुपए प्रति एकड़ की दर से लगभग 5800 एकड़ भूमि की पहचान की जा चुकी है।




### पिछले साल 71 सुझाव बजट में शामिल किए

पिछले साल 71 सुझावों को बजट में शामिल किया गया। उद्योग एवं श्रम विभाग के लिए वर्ष 2025 - 26 बजट में लगभग 1 हजार 951 करोड़ 43 लाख का प्रावधान किया गया, इसमें से 873 करोड़ 51 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। बजट से जुड़े अच्छे सुझाव आमंत्रित हैं, कोई भी साथी एआई चैट बॉट के माध्यम से अपने सुझाव दे सकता है।

### आरआरटीएस की डीपीआर तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 70 हजार करोड़ रुपए की लागत से आरआरटीएस की डीपीआर बन चुकी है, जल्द ही उसका टेंडर होगा। यह सराय काले खां से करनाल और सराय काले खां से अलवर तक जाएगा, इससे प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा। वहीं मानेसर में कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय परिसर बावल में 26 लाख रुपए की राशि से लेबर कोर्ट बनाई जाएगी, इसके लिए बजट लोक निर्माण विभाग को दिया जा चुका है। सीएम ने कहा कि आज इस बजट पूर्व परामर्श बैठक में अनेक सुझाव आए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा के औद्योगिक विकास के लिए बजट प्रावधानों में विशेष फोकस होगा। जितने ठोस और लागू करने योग्य सुझाव दिए गए हैं, उतना ही प्रभावी बजट प्रस्तुत करेंगे।

### आपराधिक कानून लागू करने में राज्य अग्रणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों को बदला गया है। हरियाणा देश का अग्रणी राज्य है जिसने इतने कम समय में तीनों नये कानूनों को सफलतापूर्वक लागू किया। इसी तर्ज पर राज्य में इन कानूनों को लागू करने में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए ई-साक्ष्य और ई-समन ऐप लागू किए हैं। जनवरी, 2025 से 31 अगस्त, 2025 तक 96.71 प्रतिशत मामलों में अपराध स्थल की फोरेंसिक जांच की रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य ऐप से की गई है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर और अन्य ने दिए सुझाव

*मुख्यमंत्री ने दो सत्रों में विभिन्न हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक में सार्थक चर्चा कर पेरेशवरों के सुझाव सुने। दूसरे सत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्तागण, आर्किटेक्ट्स और पर्यावरणविदों, डॉक्टर सहित विभिन्न पेशेवर शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठकों में दिए गए सुझाव सहभागी लोकतंत्र, सहयोगात्मक शासन और साझा उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इस जन भावना पर ही हरियाणा सरकार नीतियों और निर्णयों की नींव रखती है।*

### बजट में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाएगा

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार विकसित भारत-2047 के विजन पर फोकस करते हुए कार्य कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को नई पहचान दिलाने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। ऐसे में हरियाणा सरकार द्वारा आगामी बजट को हर हित की सोच के साथ सुगम व फलदायी बनाने के लिए इस प्रकार के प्री बजट सेशन में सुझाव लेते हुए कदम उठाए जाएंगे

### कलेक्टर सिंह ने किया स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को आनंद नगर हाई सेकंडरी स्कूल एवं ट्रांसपोर्ट नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने हाई सेकंडरी स्कूल में जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रायोजित परीक्षाओं की व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 492 में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम रविशंकर राय, सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास सुब्रा श्रीवास्तव सहित संबंधित विभाग के उपस्थित थे।

### सरकार हर गांव तक सड़क बनाने के अभियान में जुटी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी ने मंगलवार को मप्र मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनजातीय बाहुल्य जिलों में सिंचाई परियोजनाओं के जरिए हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। मंत्रि-परिषद ने बुरहानपुर जिले के लिए दो सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन सिंचाई परियोजनाओं से जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों की 51800 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर गांव, गरीब बस्तियों तक सड़क बनाने के अभियान में जुटी हैं।

### 'नमो ड्रोन दीदी' योजना से आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना जाग्रत

## मध्यप्रदेश में 89 नमो ड्रोन दीदियों ने प्राप्त किया सफल पायलट प्रशिक्षण: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ की गई 'नमो ड्रोन दीदी' योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल बन रही है। यह योजना महिलाओं को आधुनिक ड्रोन तकनीक से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश में अब तक 89 ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन पायलट का सफल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है। नमो ड्रोन दीदियां कृषि कार्यों में उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव जैसी सेवाएं प्रदान कर नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योजना प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक है, जो ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं। प्रदेश में इस योजना का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे कई महिलाएं लाभान्वित होंगी।

### एक हजार महिलाओं को ड्रोन दिलाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजना अंतर्गत प्रदेश में एक हजार से अधिक महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण एवं ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। नमो ड्रोन दीदीयां किसानों के खेतों में आधुनिक तकनीक से उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव कर रही हैं, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ रही है और परिचालन लागत कम हो रही है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ महिलाओं को नई आजीविका के अवसर प्रदान कर रही है।

### इंदौर की घटना के बाद जागा प्रशासन

## 14 नगर निगमों के 147 वार्डों में दूषित पानी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदौर में दूषित पेयजल की आपूर्ति को लेकर मचे हाहाकार के बाद प्रदेश में भी पेयजल आपूर्ति को लेकर शासन अलर्ट हो गया है। सभी नगरीय निकायों को पेयजल की जांच करने निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग को करीब पांच माह पहले 14 नगर निगमों के 147 वार्डों में दूषित पानी की शिकायत मिली थीं। शासन ने कार्ययोजना तैयार कर शिकायतों को दूर करने के निर्देश दिए थे। इंदौर की घटना को देखते हुए शासन ने निकायों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकायों से उन क्षेत्रों का डेटा मांगा गया था, जहां गर्मी के दिनों में पाइपलाइन सूख जाती है या पानी दूषित



आता है। रायपुर के 21, बिलासपुर के आठ, चरोदा के 14, रिसाली के 13, भिलाई के 23 और दुर्ग के पांच वार्डों में दूषित पानी की शिकायत मिली थी। इन क्षेत्रों में करीब 208.57 किमी लंबी पाइपलाइन के विस्तार और सुधार का लक्ष्य रखा गया था। शासन ने इसे दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया था।

### रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम नहीं

*निकायों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पिछले एक दशक में करीब 12 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। 500 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्टर अभी भी चल रहे हैं। लेकिन, रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था नहीं होने से यह पता नहीं चलता है कि पानी अंतिम छोर तक पहुंच रहा है कि नहीं। पाइपलाइन में लीकेज की जानकारी भी समय पर नहीं मिलती, जिससे नालियों का गंदा पानी पाइपलाइन के जरिए घरों तक पहुंच रहा है। अधिकारियों का दावा है कि पेयजल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाता। जल की आपूर्ति से पहले और बाद में तीन स्तरों पर जांच की जाती है। इसमें स्रोत स्तर, टंकी स्तर और वितरण स्तर पर पानी की नियमित जांच शामिल है।*

### योजना में अब तक 3 लाख 39 हजार 637 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

## मप्र सरकार की समाधान योजना के अंतर्गत अब 31 जनवरी 2026 तक मिलेगा सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम



चरण की अवधि में विस्तार किया गया है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 लाख 39 हजार 637 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 383 करोड़ 96 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 210 करोड़ 89 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं, जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

### समाधान योजना 2025-26 : एक नजर में


समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हो रहा है, जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कुछ कम हो जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से हुई, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा। इसके बाद द्वितीय और अंतिम चरण शुरू होगा जो 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, दूसरे चरण में 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के लिए **portal.mpcz.in** पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।

## मोपका सब स्टेशन में भीषण आग, आधा शहर अंधेरे में डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले के मोपका स्थित 132/33 केवी विद्युत सब स्टेशन में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में सब स्टेशन परिसर धुएं और ऊंची लपटों से घिर गया।

इस घटना का सीधा असर शहर की बिजली आपूर्ति पर पड़ा और बिलासपुर के आधे से अधिक हिस्सों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय सब स्टेशन से तेज आवाज सुनाई दी, जिसके तुरंत बाद आग की लपटें उठने लगीं। आग सबसे पहले ट्रांसफार्मर और उससे जुड़े विद्युत उपकरणों तक फैली,



जिससे स्थिति बेकाबू हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और प्रशासनिक अमला भी तुरंत सब स्टेशन पहुंचा। आग बुझाने के लिए लगातार पानी और फोम का उपयोग किया गया।

## चिंतन

# वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों

हिंदू छात्रों के विरोध और शिकायतों के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले बैच में 50 छात्रों में 42 मुस्लिम समुदाय से थे, जबकि हिंदू छात्रों की संख्या सिर्फ 7 और 1 सिख छात्र शामिल थे। इसको लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध किया और आरोप लगाया कि कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। हिंदू संगठनों का कहना था कि चूंकि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी के भक्तों के चढ़ावे से संचालित होता है, इसलिए श्राइन बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कॉलेज श्राइन बोर्ड की जमीन पर ही बना है और ज्यादातर फंडिंग हिंदू भक्तों के चढ़ावे से आती है। हिंदू तीर्थयात्रियों की आस्था से जुड़े पैसे का इसमें इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन सीटें ज्यादातर एक खास समुदाय को मिल गईं। ये हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है और भेदभाव जैसा लगता है। सवाल उठता है कि हिंदू धर्म के संगठनों के पैसे का इस तरह उपयोग कितना जायज है। बता दें कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम आबादी 68.3%, हिंदू 28.44%, सिख 1.87%, बौद्ध 0.90% और ईसाई 0.28% है। इस तरह देखा जाए जो हिंदू यहां अल्पसंख्यक हैं, लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी 50 में सिर्फ 7 सीटें हिंदू छात्रों को मिलना कहां का न्याय है। हालांकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मान्यता रद्द करने के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी, मरीजों की कम संख्या और न्यूनतम मानकों के गंभीर उल्लंघन शामिल है। अब मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति, जिसमें 60 सामाजिक और दक्षिणपंथी संगठन शामिल हैं, ने पहले दाखिला सूची रद्द करने की मांग की थी। जब यह संभव नहीं हुआ, तो उन्होंने कॉलेज बंद करने पर जोर दिया। समिति का तर्क था कि माता वैष्णो देवी श्राइन के चढ़ावे से मिलने वाले लाभ मुख्य रूप से हिंदुओं को ही मिलने चाहिए। मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में 5 दिसंबर और 19 दिसंबर, 2024 को एक पब्लिक नोटिस के तहत नया एमबीबीएस प्रोग्राम शुरू करने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद संस्थान को 2025-26 एकेडमिक सत्र के लिए 50 एमबीबीएस छात्रों को एडमिशन देने की मंजूरी मिली थी और इसी के बाद मुस्लिम छात्रों के एडमिशन को लेकर विवाद शुरू हो गया था। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था और उपराज्यपाल से एडमिशन रिव्यू की मांग की थी। हिन्दू संगठन ने कहा था कि कॉलेज को हिंदू माइनॉरिटी स्टेटस मिले या नई मेरिट से दाखिले हों। हालांकि कॉलेज के अधिकारियों और राज्य के मुख्यमंत्री सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दाखिला पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुआ है। धर्म से इसका कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन विरोध करने वाले इसे आस्था और फंडिंग के दुरुपयोग का मामला मानते रहे। यही वजह थी कि महीनों तक ये विवाद गरमाया रहा और अब इस कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई। अब कॉलेज के छात्रों को जम्मू-कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। समायोजन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# ट्रंप की बेलगामी और यूएन की लाचारी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी का घटनाक्रम आजकल चर्चा में है। वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया। रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी ने महाकवि तुलसीदास की इस कहावत 'समरथ को नहीं दोष गुसाईं' को चरितार्थ कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप चाहे जिन कुतर्कों को तर्क बताकर अपने हठ को सच बताते रहें, वास्तविकता यही है कि इस कार्यवाही को किसी भी कानून के परिप्रेक्ष्य में तर्कसम्मत नहीं ठहराया जा सकता है? वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया।

रूस ने भी आपात्ति जताई है, लेकिन बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कोई भी कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए। गुटेरस ने कहा कि यह इस कार्यवाही में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों का पालन नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, किंतु इसकी अनदेखी की गई। वेनेजुएला के प्रतिनिधि ने अमेरिका द्वारा किए इस हमले को अपने देश के प्राकृतिक संसाधनों और तेल को प्राप्त करना बताया। ऐसी ही रूस, चीन, मैक्सिको, क्यूबा और कई देशों ने अमेरिका की कड़ी आलोचना की, किंतु अमेरिका के मित्र देश उसके साथ खड़े दिखाई दिए हैं। दुनिया के तेल भंडार का 18.17 प्रतिशत तेल अर्थात 303 अरब बैरल तेल और दुर्लभ खनिज के भंडार वेनेजुएला की धरती में समाए हुए हैं, किंतु उसके पास कच्चे तेल को शोधन करने के तकनीकि संसाधन नहीं हैं। इसलिए इस तेल को ईंधन में नहीं बदल पा रहा है। इस तेल को शोधन के लिए जब मादुरो ने चीन से तेल और रूस से हथियार खरीदने की नीति को अंजाम दिया तो ट्रंप की नाराजगी बढ़ गई और मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया का अपहरण कर लिया।

इस अपहरण की घटनाक्रम को लेकर मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा है कि इतिहास बताएगा कि हमारे भीतर के लोगों ने किस तरह से गद्दारी करते यह राष्ट्रघात किया? मीडिया द्वारा ऐसी जानकारियां सामने लाई गई हैं कि वेनेजुएला सरकार में काम कर रहे लोगों ने ही उपहारों के लालच में आकर अमेरिकी सेना को राष्ट्रपति मादुरो के आवास तक पहुंचाने में मदद की है। हालांकि अमेरिका ने वेनेजुएला पर अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने का हवाला देकर इस सैन्य कार्यवाही को जायज ठहराया है। मादुरो को अमेरिकी कानून केर-फ्रिस्बी के तहत पकड़ा गया है। यह कानून अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद-2 के तहत राष्ट्रपति को गैर-कानूनी तरीकों से ऐसे लोगों और भगोड़ों को पकड़ने की अनुमति देता है, जो अमेरिका को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हों। इसमें प्रावधान है कि गिरफ्तारी का तरीका कितना भी गैर-कानूनी हो, एक बार अमेरिका में लाने के बाद अमेरिकी अदालत में मामला चलाया जा सकता है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। मादुरो पर मादक पदार्थ तस्करी के आपराधिक मामले अमेरिका में



दर्ज हैं। इनमें कम से कम 20 साल की सजा से लेकर आजीवन कारावास हो सकता है। अमेरिका ऐसा दुस्साहस 1990 में पनामा के तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार करके दिखा चुका है। इन्हें अमेरिकी अदालत ने 40 साल की सजा सुनाई थी, किंतु 2011 में रिहा कर दिया गया था। यदि मादुरो को सजा सुनाई जाती है तो ट्रंप के राष्ट्रपति नहीं रहने के बाद कोई दूसरा राष्ट्रपति मादुरो को क्षमादान दे सकता है। खुद ट्रंप होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नाडेज को 2025 में माफी दे चुके हैं। अमेरिका कभी मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी का बहाना ढूंढकर अपने शत्रु राष्ट्रों के मुखियाओं को सबक सिखाता रहा है। 2003 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश सरकार ने इराक पर जैविक और रासायनिक हथियार होने का दावा कर ईराक को नेस्तनाबूद कर दिया था। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी अपदस्थ कर दिया था। इन हस्तक्षेपों के चलते आज भी इन देशों में गृहयुद्ध एवं अस्थिरता के हालात बने हुए हैं। यही हश्र अब वेनेजुएला का होना निश्चित है। अमेरिका के सरकारी शोध संस्थान कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार 1798 से लेकर अब तक अमेरिका 469 सैन्य हस्तक्षेप दुनिया में इसलिए कर चुका है, जिससे उसे महाशक्ति माना जाता रहे। दुनिया में लगातार ऐसे हालातों की निर्मिति सामने आने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति लाचार बनी हुई है। उस पर निरंतर प्रश्न-चिन्ह उठ रहे हैं। अतएव यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में महत्वहीन होती चली जाएगी और फिर इसके सदस्य देशों को इसकी जरूरत ही नहीं रह जाएगी। भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से बाहर रखते हुए इस संस्था ने जता दिया है कि वहां चंद अलोकतांत्रिक या तानाशाह की भूमिका में आ चुके देशों की ही तूती बोलती है।

इसकी निष्पक्षता भी संदिग्ध है, इसीलिए वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र ताकतवर देशों की मनमानी रोकने, शांति स्थापित करने और आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। भारत का ऑपरेशन सिंदूर समेत तीन बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल एवं फिलिस्तीन के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गया है। अनेक इस्लामिक देश गृह-कलह से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, यूनिसेफ और शांति सेना जैसे संगठन काम करते हैं। चंद देशों की ताकत के आगे ये संगठन नतमस्तक होते दिखाई देते हैं, इसीलिए शांति सेना की विश्व में बढ़ते सैनिक संघर्षों के बीच कोई निर्णायक भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक संगठन जी-20, जी-8, आसियान और ओपेक जैसे संगठन विभाजित दुनिया के क्रम में लाचारी का अनुभव कर रहे हैं। अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों द्वारा इन्हें दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दिए जाने के कारण भी इनका भविष्य संकट में है। इन सब खतरों के चलते इस वैश्विक मंच की विश्वसनीयता संकट में है, लिहाजा इसमें पर्याप्त सुधारों की तत्काल जरूरत तो है ही, वेनेजुएला के परिप्रेक्ष्य में कुछ ऐसा करना जरूरी है, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के प्रति सदस्य देशों में विश्वास पैदा करे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्त्री चेतना का मुखर स्वर बनीं कथाकार आशापूर्णा देवी

साहित्य समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्य, सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का पुख्ता धरातल भी बनाता है। स्त्री जीवन से जुड़े यथार्थ को उकेरने वाले कथानक परिवेशगत परिवर्तन के इस पक्ष पर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। महिलाओं के सशक्त व्यक्तित्व, संघर्षशील विचार और व्यावहारिक जीवन से जुड़ी उलझनों को सहजता से शब्दों में ढालने वाली बांग्ला कथाकार व कवयित्री आशापूर्णा देवी ने नारी जीवन से जुड़ी इन्हीं मार्मिक बातों-हालातों को अपनी साहित्यिक यात्रा का हिस्सा बनाया। प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली देश की इस पहली महिला साहित्यकार ने अपनी रचनाओं में पारिवारिक जीवन की समस्याओं से लेकर सामाजिक परिवेश की कुंठा, स्वार्थ, दमनकारी सोच और स्त्रीमन के संवेदनात्मक पहलुओं तक का अत्यंत पैनेपन के साथ चित्रण किया है।असल में उनका रचनाकर्म बिना लाग-लपेट के महिलाओं के उत्पीड़न और समाज एवं परिवार की कटु हकीकत से मिलवाने वाली रूपरेखा लिए है। यही वजह है कि बेबाकी से कलम चलाने वाली आशापूर्णा देवी का उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान सदैव स्मरणीय है। अपनों के बीच भी उनके महिला चरित्रों की असहजता, अधिकारों की लड़ाई और संघर्षपूर्ण दिनों में मुखर भूमिका निभाने से जुड़ी सृजनशीलता ने कई पुरस्कार भी उनकी झोली में डाले। उनकी कृति 'प्रथम प्रतिश्रुति' के लिए 1976 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म श्री से भी



नवाजा गया।ध्यातव्य है कि दूरदर्शन पर 'प्रथम प्रतिश्रुति' नामक टीवी कार्यक्रम भी प्रसारित हुआ था। विश्वभारती विश्वविद्यालय ने 1989 में उनको 'देशिकोत्तम से सम्मानित किया था। साथ ही 1994 में साहित्य अकादमी द्वारा भी आशापूर्णा देवी को साहित्य अकादमी फेलोशिप के रूप में अपना सर्वोच्च सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि उनके रचना संसार में लगभग 225 कृतियां शामिल हैं। प्रथम प्रतिश्रुति के बाद उनके दो अन्य उपन्यास, 'सुवर्णलता' और 'बकुल कथा' भी बहुत अधिक चर्चित रहे हैं। तीन पीढ़ियों की कहानी कहती इस त्रयी 'प्रथम प्रतिश्रुति, सुवर्णलता और बकुल कथा के माध्यम में उन्होंने बांग्ला साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। इतना ही नहीं, उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, असमिया, कन्नड़, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी और संस्कृत जैसी कई अन्य भारतीय भाषाओं भी हुआ है। साथ ही अंग्रेज़ी सहित बहुत सी विदेशी भाषाओं में भी उनकी कृतियों का अनुवाद किया गया है। 8 जनवरी 1909 को उत्तरी कलकत्ता में जन्मी आशापूर्णा देवी को उनकी सात दशक से अधिक की साहित्यिक यात्रा में सामाजिक समानता और घर-परिवार में बुनियादी बदलाव लाने वाले स्त्री चेतना के स्वर को बल देने वाली रचनाकार माना जाता है। समझना आवश्यक है कि आशापूर्णा देवी के रचना संसार के स्त्री चरित्र ही नहीं उनका व्यक्तिगत संघर्ष भी आम स्त्रियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके अथक संघर्ष और अनवरत सृजन की यात्रा महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन रण में डटे रहने की सीख देते हैं।

गौरतलब है कि उस दौर के एक रूढ़िवादी बंगाली परिवार में जन्मी आशापूर्णा देवी की कोई औपचारिक शिक्षा भी नहीं हुई। विवाह के बाद अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने साहित्य साधना की। दूरदर्शन को दिए गए एक साक्षात्कार में आशापूर्णा देवी ने कहा था कि 'मेरे लिए गृहस्थी मेरी धरती है और साहित्य सृजन मन का आकाश। मेरी दृष्टि आकाश पर लगी रही जबकि पैर धरती पर रहे। मैंने कभी गृहस्थी और साहित्य को एक-दूसरे का पूरक या प्रतिस्पर्धी नहीं माना। मेरे लिए दोनों मेरे लिए समानांतर रहे।' इसी संतुलित सोच के साथ जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनकी कलम ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से स्त्रीमन की घुटन को पन्नों पर उतारा। पारिवारिक ढांचे में मौजूद पीढ़ियों के टकराव और महिलाओं के आत्मसम्मान की लड़ाई को अपने लेखन में जगह दी। समाज और परिवार की वास्तविक स्थितियों को उकेरने में उन्हें सिद्धहस्त माना जाता है। यही वजह है कि साधारण जीवन जीते हुए असाधारण कृतियाँ लिखने वाली यह रचनाकार आज भी भारतीय स्त्रियों की पथ-प्रदर्शक सी लगती हैं। उनकी रचनाएं न केवल तत्कालीन समाज की रूढ़िवादी सोच और वर्जनाओं को सामने लाती ही हैं बल्कि स्त्रियों को संघर्ष कर मुक्ति पाने का मार्ग भी दिखाती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## अच्छा काम करना है तो आलस छोड़ दें



संकलित
**दर्शन**

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया- राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है... गुरूजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाएं**

महात्मा गांधी का कथन है कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की रीढ़ के समान हैं, जो कि दर्शाता है कि किसी भी लोकतंत्र में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए इन संस्थाओं में चुनकर आने वाले जनप्रतिनिधियों में योग्यता, अनुभव, लक्ष्य तथा जनहित में शुरू की गई सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने की कार्यकुशलता जैसे गुणों का होना अति अनिवार्य है। प्राचीन काल में पंच परमेश्वर व्यवस्था से वर्तमान की हाईटेक पंचायती राज व्यवस्था तक का सफर कर चुकी ये संस्थाएं आज के समय में उतनी प्रभावी नहीं बन पाई है जितना इनको होना चाहिए था। हालांकि इन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की तरफ से प्रयास जारी हैं, जिन्हें तीव्र गति देने की जरूरत है। - *मदन अग्रवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# सीआईए के पूर्व एजेंट एमेस की जेल में मृत्यु


अमेरिका की खुफिया जानकारियां सोवियत संघ को बेचने वाले सीआईए के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मृत्यु हो गई। कारागार ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि एमेस की मृत्यु सोमवार को हुई। लगभग 31 साल तक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए में काम करने वाले एमेस ने स्वीकार किया था कि उन्हें 1985 से 1994 तक अमेरिकी खुफिया जानकारी बेचने के लिए मॉस्को से 25 लाख डॉलर मिले थे। उन्होंने 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय अधिकारी की पहचान बताई थी, जो अमेरिका या ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने उपग्रह के जरिये जासूसी से जुड़े अभियानों, गोपनीय बातचीत और जासूसी के सामान्य तरीकों की जानकारी भी दी थी। सोवियत संघ को जानकारी साझा करने से पश्चिमी देशों के कई खुफिया एजेंट की मौत हुई थी और यह शीत युद्ध के दौरान सीआईए के लिए बड़ा झटका था। उन्होंने जासूसी और कर चोरी के आरोप स्वीकार किए थे, जिसके बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक अमेरिका से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारियां छिपाए रखीं।



## ऑफ बीट

# नई शुरुआत का उत्साह जल्दी पड़ जाता है फीका

हर जनवरी के साथ कार्यालयों में नयी शुरुआत का माहौल बनता है। नयी डायरी, नयी नोटबुक और व्यवस्थित कार्य सूची (टू-डू लिस्ट) के साथ यह उम्मीद रहती है कि इस साल सब कुछ अलग होगा। लेकिन फरवरी आते-आते वही योजनाएं अधूरी रह जाती हैं और शुरुआती उत्साह कम हो जाता है। आमतौर पर इसे अनुशासन या इच्छाशक्ति की कमी माना जाता है, लेकिन मनोविज्ञान इसके पीछे एक अलग ही तस्वीर पेश करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नयी शुरुआत हमें काम शुरू करने में तो मदद करती है, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने में नहीं। नई शुरुआत क्यों लगती है प्रभावशाली- मनोवैज्ञानिक नयक साल को 'टेम्पोरल लैंडमार्क' मानते हैं, जो हमारे पुराने और नये रूप के बीच एक सीमा रेखा खींच देता है। 'टेम्पोरल लैंडमार्क' समय में आने वाले वे खास पल या घटनाएं होती हैं जो हमें अपने जीवन में ''नये सिरे से शुरुआत'' करने का अहसास दिलाती हैं। शोध के मुताबिक, ऐसे पड़ाव 'फ्रेश स्टार्ट इफेक्ट' पैदा करते हैं, जिससे लोग बड़े और आदर्श लक्ष्य तय करने के लिए खुद को अधिक प्रेरित महसूस करते हैं।



## ट्रेंड

### जैव-बिटुमेन का उत्पादन




आज भारत के सड़क अवसंरचना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है, क्योंकि हमारा देश व्यावसायिक रूप से जैव-बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। सीएसआईआर और उसके समर्पित वैज्ञानिकों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।
**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### युवाओं की भूमिका




नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज भोपाल निवास पर युवाओं से "विकसित भारत यंग लीडर संवाद" कार्यक्रम में बात की। आप अपने ऊर्जावान विचार व संकल्प से देश को नई दिशा दें और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएं।
**-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### शो-पीस बना खेल केंद्र



यह बेहद दुखद है कि जोधपुर में हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया गया प्रदेश का इकलौता स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट एवं हाई-परफॉर्मेंस खेल केंद्र आज एक शो-पीस बन कर रह गया है। खिलाड़ी इस संस्थान के लिए आवाज उठाएं।
**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विपक्ष में छटपटाहट



मनरेगा योजनाओं में जो लूट मची हुई थी, उसे वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से बंद कर दिया गया है। इस वज़ह से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में छटपटाहट मची हुई है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कोर्ट ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को प्रथम दृष्टया मानहानिकारक माना

# हाईकोर्ट ने दिया निर्देश: दुष्यंत कुमार के खिलाफ सोशल मीडिया से आपत्तिजनक कटेंट हटाएं कांग्रेस और आप

### 2022 में उत्तराखंड के पौड़ी जिले स्थित वनंत्रा रिजॉर्ट में 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की हत्या का मामला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अंकिता भंडारी हत्याकांड में अपना नाम उछाले जाने के मामले भाजपा नेता दुष्यंत कुमार गौतम को बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली। अदालत ने गौतम पर लगाये गए आरोपों को प्रथम दृष्टया मानहानिकारक मानते हुए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य सोशल मीडिया हैंडल्स को दुष्यंत गौतम से जुड़े आपत्तिजनक कंटेंट को तुरंत हटाने को कहा है। दुष्यंत कुमार गौतम ने दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया। इस मामले में बुधवार को सुनवाई हुई।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में उत्तराखंड के पौड़ी जिले स्थित वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करने वाली 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य और उसके दो



कर्मचारियों सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था। बाद में सत्र न्यायालय ने तीनों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

गौतम द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे पर दिए गए एक अंतरिम आदेश में, जस्टिस मिनी पुष्करणा ने दोनों राजनीतिक पार्टियों को हत्या के मामले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव को कथित 'वीआईपी' बताकर टारगेट करने वाला कोई भी कंटेंट पोस्ट करने से भी रोक दिया।

हाल ही में अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ बातें सामने आई थीं, जिनमें भाजपा नेता दुष्यंत गौतम का नाम भी कथित तौर पर जोड़ा गया था। इन आरोपों को दुष्यंत गौतम ने सिरे से खारिज करते हुए इसे उनकी छवि को खराब करने की सोची-समझी साजिश बताया था। उन्होंने इन आरोपों के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने दुष्यंत गौतम की याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि प्रथम दृष्टया, सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही जानकारी मानहानिकारक प्रतीत होती है, जिससे भाजपा नेता की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचेगा। इस आधार पर, अदालत ने तत्काल प्रभाव से कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे दुष्यंत गौतम से संबंधित सभी विवादास्पद पोस्ट, वीडियो और अन्य सामग्री को हटा दें।

अदालत के आदेश के बाद भाजपा प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने इस फैसले को कानून की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला उन सभी लोगों के मुंह पर तमाचा है जो सस्ती राजनीति के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि बिना तथ्य और आधार के पोस्ट डालना गंदी राजनीति का सबसे घटिया रूप है और अदालत ने इस पर स्पष्ट रेखा खींच दी है।

दूसरी ओर दुष्यंत कुमार गौतम ने भावुक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पीड़ित परिवार के दर्द को राजनीतिक हथियार बनाकर तीन साल से अधिक समय तक उनका नाम घसीटा गया। उन्होंने याद दिलाया कि इतने समय में विपक्ष एक भी ऐसा दस्तावेज पेश नहीं कर सका जिससे उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुष्टि हो सके। दुष्यंत कुमार गौतम ने यह भी कहा कि पचास वर्षों के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उन्होंने हमेशा नैतिक मूल्यों और सार्वजनिक मर्यादा का पालन किया है। इसके बावजूद उन्हें और उनके परिवार को जिस मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ा, वह शब्दों में बयान नहीं की जा सकती। उन्होंने भरोसा जताया कि सच अंततः सामने आएगा और झूठ की राजनीति टिक नहीं पाएगी।

---

## खबर संक्षेप

### अजित का वादा-शहर को बनाएंगे खुशहाल

**मुंबई।** बीएमसी चुनाव को लेकर अजित पवार की एनसीपी ने मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। पार्टी ने वादा किया है कि एनसीपी मुंबई को एक वर्ल्ड-क्लास, सबको साथ लेकर चलने वाला और खुशहाल शहर बनाने के लिए कमिटेड है। हम मुंबई को एक ऐसा शहर मानते हैं जो हर मुंबईकर के सपनों को पूरा करे।



### नोबलिस्ट सेन को एसआईआर का नोटिस

**कोलकाता।** नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को एसआईआर का नोटिस मिला तो पश्चिम बंगाल की राजनीति में भूचाल आ गया। टीएमसी ने इसे बंगाल के गौरव का अपमान बताया और पूछा-क्या भारत रत्न से भी यह सवाल होना चाहिए। मामले में चुनाव आयोग को सफाई देनी पड़ी। नोटिस सिस्टम जेनरेटेड प्रॉसेस है।



### बंगाल भाजपा की समिति में 34 को मिला 'नेतृत्व'

**कोलकाता।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की नई प्रदेश समिति के 34 सदस्यों के नामों की घोषणा की। राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में नई प्रदेश समिति का गठन किया गया है। इसमें 12 उपाध्यक्ष, 5महासचिव, 12 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 2संयुक्त कोषाध्यक्ष, 1-1 कार्यालय,संयुक्त कार्यालय सचिव हैं।



### पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने साहू

**पटना।** हाईकोर्ट के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू को बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कॉलेजियम ने ओडिशा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति को पटना हाईकोर्ट के लिए अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी।



---

### इतिहास के दस्तावेज सामने रखकर भाजपा ने फिर किया दावा

# नेहरू को थी सोमनाथ से सर्वाधिक नफरत पवित्र नदी के जल से अभिषेक को रोका था

### नेहरू ने विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व दिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया। यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जगह नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने की बात की थी।

**भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु ने कांग्रेस की आलोचना की, सुनाई खरी-खरी**

आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा

देश के प्रथम प्रधानमंत्री को थी इससे सर्वाधिक घृणा

नेहरू ने लियाकत को 'प्रिय नवाबजादा' किया था संबोधित



### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूरी तरह से किया था विरोध



सुधांशु त्रिवेदी



पंडित नेहरू

त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पत्र लिखकर मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए थे और उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल न होने की सलाह दी थी।

**मुख्यमंत्रियों को 2 बार बार पत्र भी लिखे**

#### मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई

त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर सभी मुख्यमंत्रियों को 2 बार पत्र लिख शिकायत की थी कि मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री आरआर दिवाकर को पत्र लिखा।

#### अंधी तुष्टिकरण की राजनीति की और मुग़ल आक्रांताओं का किया महिमामंडन

भाजपा नेता ने नेहरू पर सोमनाथ मंदिर को लेकर करारा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह अंधी तुष्टिकरण की राजनीति और मुग़ल आक्रांताओं का महिमामंडन नहीं था तो और क्या था? पंडित जवाहरलाल नेहरू चाहते ही नहीं थे कि सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हो।

#### सोमनाथ मंदिर में अभिषेक के लिए सिंधु नदी का पानी औपचारिक रूप से नामंजूर किया था

त्रिवेदी ने बताया कि नेहरू ने उस समय पाकिस्तान के भारतीय राजदूत को भी पत्र लिखा था। पाकिस्तान में भारत के राजदूत को लिखे पत्र में नेहरू ने कहा कि सोमनाथ मंदिर में अभिषेक के लिए सिंधु नदी के पानी के इस्तेमाल को औपचारिक रूप से नामंजूर कर दिया, विदेश सचिव के ज़रिए यह बताया कि इस अनुरोध को उनकी मंजूरी नहीं है और आदेश दिया कि भविष्य में ऐसे किसी भी अनुरोध को पहले से मंजूर किया जाए।

---

### कांग्रेस के कानून, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग का जमीनी मजबूती

## चार- छह हफ्तों में होगा पूरे होंगे सारे कार्यक्रम: सिंघवी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कानून, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मज़बूती और ज़मीनी स्तर पर पुनर्गठन से जुड़े कई अहम फैसलों की जानकारी दी।



डॉ. सिंघवी ने कहा कि कुछ महीने पहले विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद अब पार्टी संगठन को जिला स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी की पहल के अनुरूप कानून, आरटीआई और मानवाधिकार—इन तीनों विभागों का जिला स्तर पर पुनर्गठन किया जाएगा। इसके तहत देश के हर प्रशासनिक ज़िले में कम से कम पांच वरिष्ठ सदस्यों की टीम गठित की जाएगी, जो इन विभागों की गतिविधियों का संचालन और समन्वय करेगी।

उन्होंने बताया कि आज हुई बैठक में करीब 10–11 राज्यों के विभागीय अध्यक्षों ने प्रत्यक्ष या वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। जिन राज्यों में अभी अध्यक्ष नियुक्त नहीं हैं, वहां केंद्रीय टीम द्वारा जिला स्तर पर पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

डॉ. सिंघवी ने कहा कि दूसरा अहम निर्णय 'रैपिड रिस्पांस फोर्स' के गठन से जुड़ा है। इसके तहत प्रत्येक राज्य में न्यूनतम पांच वरिष्ठ वकीलों की टीम बनाई जाएगी, जो कांग्रेस से जुड़े मामलों में अदालतों में त्वरित, प्रभावी और सशक्त कानूनी हस्तक्षेप कर सकेगी। इस पूरी प्रक्रिया को भी चार से छह सप्ताह के भीतर अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा गया है।

तीसरे निर्णय के तहत कानून, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग से जुड़े सदस्यों की एक व्यापक अखिल भारतीय डिजिटल डायरेक्टरी तैयार की जाएगी। यह डायरेक्टरी राज्यवार और वर्णानुक्रम दोनों रूपों में उपलब्ध होगी, जिससे ज़िला और राज्य स्तर पर त्वरित समन्वय संभव हो सकेगा।

डॉ. सिंघवी ने बताया कि जिन राज्यों में अब तक विभागीय अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो पाई है, वहां भी शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा। इसके अलावा एक नवीन और महत्वपूर्ण पहल के तहत 21 से 28 (या 21 से 30) वर्ष आयु वर्ग के युवाओं—जो कानून, आरटीआई या मानवाधिकार से जुड़े हैं और अभी कांग्रेस से औपचारिक रूप से नहीं जुड़े हैं—के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पहले चरण में ऐसे इंटर्न कांग्रेस के लगभग 127 सांसदों के साथ जोड़े जाएंगे और कार्यक्रम के सफल होने पर इसे विधायकों तक भी विस्तारित किया जाएगा।

डॉ. सिंघवी ने कहा कि बैठक बेहद उपयोगी रही और देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की।

---

### जेएनयू में नारेबाजी, फडणवीस भड़के

## शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को हम कुचल देंगे

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में लगे विवादास्पद नारों पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि जेएनयू में पैदा हुईं शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को कुचल दिया जाएगा। यह जेएनयू में विरोध प्रदर्शन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर आई है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में



कार्यकर्ताओं उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान 53 लोग मारे गए। 700 घायल हो गए।

### राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

## ट्रंप के एक फोन से शीर्ष नेतृत्व झुक गया, फर्क समझो, सर जी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। रहुलने पिछले साल जून में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' से संबंधित एक कार्यक्रम में दिए गए अपने भाषण का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ट्रंप के एक फोन से केंद्रीय नेतृत्व उनके सामने झुक गया। उस भाषण में राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि कांग्रेस तथा उसके नेताओं ने



महाशक्तियों के सामने कभी 'सरेंडर' नहीं किया, लेकिन थोड़े से दबाव के आगे झुक जाना ही भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल स्वभाव है। कांग्रेस नेता ने इस भाषण से जुड़ा वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, 'फर्क समझो, सर जी।

**बायो-बिटुमेन विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में क्रांतिकारी कदम**

## कृषि अपशिष्ट को मूल्यवान राष्ट्रीय संसाधन में बदला जा सकता है:गडकरी

### सड़क अवसंरचना में सुधार होगा, भारत इसका सबसे बड़ा उत्पादक बना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि कृषि अपशिष्ट को मूल्यवान राष्ट्रीय संसाधन में बदला जा सकता है। कृषि अपशिष्ट को एक मूल्यवान राष्ट्रीय संसाधन में परिवर्तित करने के तरीकों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बायो-बिटुमेन विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। 'कृषि अवशेषों से सड़क तक: पायरोलिसिस से बायो-बिटुमेन' विषय के साथ सीएसआईआर के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह में



गडकरी ने कहा कि आज का दिन सड़क अवसंरचना में ऐतिहासिक उपलब्धि का दिन है, क्योंकि भारत व्यावसायिक रूप से बायो-बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है।

कृषि अपशिष्ट का उपयोग करके, बायो-बिटुमेन फसल जलाने से होने वाले प्रदूषण को कम करता है और चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। 15 प्रतिशत मिश्रण के साथ, भारत लगभग 4,500 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचा सकता है और आयातित कच्चे तेल पर अपनी निर्भरता को काफी हद तक कम कर सकता है।

गडकरी ने सीएसआईआर और इसके समर्पित वैज्ञानिकों को बधाई दी और इस अभूतपूर्व सफलता को प्राप्त करने में निरंतर सहयोग के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह नवाचार किसानों को सशक्त बनाएगा, ग्रामीण आजीविका उत्पन्न करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

---

**सैलजा ने भर्ती पर उठाए सवाल**

## एचपीएससी व एचटेट में गड़बड़ियों के आरोप की हो निष्पक्ष जांच कराएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने एचपीएससी भर्ती प्रक्रिया और एचटेट परीक्षा परिणाम को लेकर सामने आए गंभीर आरोपों पर कहा है कि प्रदेश में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। बाहरी युवाओं को तरजीह देने, योग्य अभ्यर्थियों को वंचित करने और परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ियों ने सरकार की नीयत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सैलजा ने मांग की कि एचपीएससी भर्तियों और एचटेट परीक्षा प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के हक की लड़ाई सडक़ से लेकर संसद तक लड़ेगी और जब तक सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक सरकार पर दबाव बनाया जाता रहेगा।

### सांसद बोली: हरियाणा सरकार की महिला-हितैषी घोषणाएं खोखली

हरियाणा में भाजपा सरकार एक ओर लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की 43,747 आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को उनका वैधानिक मानदेय तक समय पर नहीं दिया जा रहा। यह स्थिति सरकार के महिला-सम्मान के दावों की पोल खोलती है। सैलजा ने कहा कि जुलाई माह से केंद्र सरकार के हिस्से का मानदेय जारी नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हर महीने लगभग 3000 तक कम भुगतान मिल रहा है। इससे हजारों गरीब महिलाएं गंभीर आर्थिक संकट में फंस गई हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य निगरानी और प्रारंभिक शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। उन्हें बच्चों की स्कूल फीस न भर पाने और घरेलू खर्च में परेशानी हो रही।

### माघ मेले में 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताया, मांग की

# बाबाओं को भी चाहिए गनर, 90 को मिल चुकी सुरक्षा

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

माघ मेले में प्रवास कर रहे करीब 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताते हुए मेला पुलिस से सुरक्षा मांगी है। पुलिस के अनुसार आवेदनों में कारणों का सत्यापन गोपनीय तरीके से कराया जा रहा है। यह जिम्मेदारी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को दी गई है। इकाई यह जांच कर रही है कि किन साधु-संतों को वास्तव में जान का खतरा है। एलआईयू की रिपोर्ट के आधार पर अब तक करीब 90 साधु-संतों को सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है, जबकि शेष आवेदनों पर रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, मेला क्षेत्र में लगे 65 से अधिक शिविरों की सामान्य सुरक्षा के लिए पहले से ही होमगार्ड की तैनाती की गई है।

**65** से अधिक शिविर लगे मेला क्षेत्र में

**16** महिला हेल्प डेस्क बनीं

**761** फायरकर्मी तैनात किए

7 अपर अधीक्षक और कई कर्मी लगे

### पुलिस इकाई जांच कर रही, किसे वास्तव में जान का खतरा



साधु-संतों के साथ गनर दिखाई दे रहे।

**मेला क्षेत्र में लगे 400 कैमरे**

शहर से लेकर मेला क्षेत्र में 1552 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसमें मेले में 400 कैमरे शामिल है। एक सेंट्रल कंट्रोल रूम, 16 महिला हेल्प डेस्क, 17 साइबर हेल्प डेस्क, 761 फायरकर्मी तैनात हैं। इसके अलावा 20 वाच टावर भी लगाए गए हैं।

**आवेदनों की एलआईयू से जांच हो रही**

इस संबंध में एसपी माघ मेला नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि 60 से अधिक शिविरों में होमगार्ड और करीब 90 साधु-संतों को गनर उपलब्ध कराए गए हैं। अन्य आवेदनों की एलआईयू से जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के बाद सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

#### क्षेत्र की सुरक्षा में कई पुलिस टीमें लगाई गईं

7 अपर पुलिस अधीक्षक, 14 सीओ, 29 इंस्पेक्टर, 221 दरोगा, 15 महिला दरोगा, 1593 सिपाही, 136 महिला सिपाही, पीएसी की 5 बाढ़ राहत कंपनियां, 7 कानून-व्यवस्था के लिए पीएसी कंपनियां, 2 एनडीआरएफ टीमें, 1 एसडीआरएफ, 2 आरएएफ कंपनियां, संपूर्ण मेला अवधि के लिए 4 आरएएफ कंपनियां, 6 बीडीडीएस टीमें, 2 एटीएस हैं।

# सरकार की चांदी पर भी अनिवार्य हॉलमार्किंग की तैयारी, ग्राहक सुरक्षा पर भी फोकस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- चांदी की कीमतों में लगातार तेजी से निवेशकों का बढ़ा रुझान

देश में चांदी की कीमतों में लगातार तेजी और निवेश व आभूषणों की बढ़ती मांग के बीच केंद्र सरकार बड़ा कदम उठा सकती है। सरकार चांदी के आभूषणों और कलाकृतियों को भी अनिवार्य हॉलमार्किंग के दायरे में लाने की संभावनाएं तलाश रही है। इसका मकसद कीमती धातुओं के बाजार में उपभोक्ता सुरक्षा को और मजबूत करना है। फिलहाल चांदी पर हॉलमार्किंग स्वैच्छिक है, जबकि सोने पर यह पहले से अनिवार्य है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक संजय गर्ग के मुताबिक, चांदी की अनिवार्य हॉलमार्किंग की मांग खुद उद्योग की ओर से आ रही है। हालांकि, इसे लागू करने से पहले बीआईएस नियामकीय ढांचे और जरूरी बुनियादी ढांचे का आकलन कर रहा है। इसमें टेस्टिंग क्षमता, असेइंग मानक और लैब नेटवर्क की उपलब्धता जैसे पहलू शामिल हैं। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि व्यवस्था लागू होने पर उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों को परेशानी न हो।

### एचयूआईडी सिस्टम से मिल रही पारदर्शिता

चांदी की हॉलमार्किंग भले ही स्वैच्छिक हो, लेकिन अगर कोई ज्वेलर अपने उत्पाद पर हॉलमार्क लगाता है तो उस पर हॉलमार्क यूनिकआइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर देना अनिवार्य है। यह छह अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड होता है, जिससे ग्राहक बीआईएस के डेटाबेस में जाकर चांदी की शुद्धता और ट्रेसेबिलिटी जांच सकता है। सितंबर 2025 से एचयूआईडी का नियम लागू होने के बाद चांदी की स्वैच्छिक हॉलमार्किंग में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है।



# सैमसंग को इस साल अगली पीढ़ी के एआई टीवी लाने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| लास वेगास (अमेरिका)

- एआई आधारित इंटरैक्टिव इंटरफेस लाने की और अग्रसर
- टीवी देखने का अनुभव पूरी तरह बदल रहा

सैमसंग को उम्मीद है कि 2026 उसके लिए बेहद अहम साबित होगा। दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक कंपनी हाल ही में पेश किए गए अगली पीढ़ी के एआई-आधारित 'इंटरैक्टिव इंटरफेस' के साथ दर्शकों के अनुभव को फिर से परिभाषित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के 'वीडी बिजनेस' के अध्यक्ष एसडब्ल्यू योंग ने कहा कि यह दर्शकों के टीवी देखने के अनुभव को पूरी तरह से बदल रहा है जहां पहले केवल टीवी देखना मकसद होता था, अब उपयोगकर्ताओं के साथ सीधे संवाद पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। योंग ने कंज्यूमर टेक्नोलॉजी एसोसिएशन (सीटीए) द्वारा आयोजित प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 'सीईएस 2026' के एक सत्र में यह बात कही। उन्होंने कहा, '' हमारा मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं का विश्वास और उत्कृष्टता बढ़ाना है। साथ ही हम उन्हें एक बेहतर और अधिक अनुकूल अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसंग की 2026 की रणनीति 'विजन एआई कंपेनियन' (वीएसी) है जो एक नया 'इंटेलिजेंट' मंच है जिसे टेलीविजन को अधिक सहज, संवादात्मक और व्यक्तिगत बनाने के लिए तैयार किया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

To whomsoever it may concern I, **Atul Ahuja S/o Sh. K.N. Ahuja,** am the owner of **Freehold DDA SFS Flat No. 89 on SF + TF (Duplex), Mandakini Enclave, Alaknanda, Kalkaji, New Delhi alongwith Car Garage.** I have lost/misplaced the **Original Demand Letter, Allocation Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for water and electricity, GPA, ATS and related documents** pertaining to the said flat. An FIR to this effect has been lodged at the concerned Police Station, vide **LR No. 13837/2026 dt. 07/01/2026.** Any person having any claim, right, or objection in respect of the said property may contact the undersigned at the above address or on Phone No.9811014382 within 15 days from the date of publication of this notice. Such person may also inform the Dy. Director (SFS-H) or Asstt. Director (SFS-H), D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

**सुनावणी नोटीस- वर्तमानपत्रात प्रसिध्दी नोटीस**

जा. क्र. ६१ दि. ०२/०१/२०२६
क्रमांक/भु. ३/अपील/अपील क्र. ३५३/२०२५-२६

प्रति,
१) अबुबकर वल्द हाजी अब्दुल मजीद, रा. प्लॉट नं. २८, बडी मस्जीद जवळ, मानकापुर, नागपूर.
-विरुध्द-
१) श्री नंदु शामराव रोहणकर, रा. जी ८०२, सेक्टर-१२०, नोएडा - २०१३०१ (उत्तरप्रदेश)

विषय- अपील क्र. ३५३/२४-२५, मौजा-मानकापुर, ता. जि. नागपूर नगर भुमापन क्र. ३० चे अपील प्रकरण.

संदर्भ : १/- अपीलदार यांचा दिनाक १०/०३/२०२३ रोजीचा अपील अर्ज. २/- अपीलदार यांचा दिनांक ०६/१०/२०२५ रोजीचा अर्ज. ३/- अपील सुनावणी दिनांक १६/१२/२०२३ रोजीचा अर्ज.

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांकीत बाबत अपीलदार यांनी इकडील कार्यालयात अपील अर्ज दाखल केले आहे. सदर अपील प्रकरणी इकडील कार्यालयात दिनांक १३/०१/२०२६ रोजी ठिक ३.१० वाजता सुनावणी ठेवण्यात आलेली आहे. अपिलार्थी व प्रतिवादी/जाबदार यांनी वर नमूद केलेल्या तारखेस वेळेवर निश्चीत ते स्वत:/अधिवक्ता/अधिकृत प्रतिनिधी अथवा त्यांचे वारस यांनी जिल्हा अधीक्षक भूमि अभिलेख नागपूर यांचे कार्यालय, तळमजला, खनिकर्म भवन, जिल्हाधिकारी परिसर, सिव्हील लाईन, नागपूर येथे ओळखपत्रासह हजर राहावे. तसेच इतर आवश्यक कागदपत्रे सोबत आणावे व प्रकरणी आपले म्हणने दाखल करावे. उपरोक्त नियोजित तारीख व वेळेवर गैरहजर राहील्यास महाराष्ट्र जमीन महसुल अधिनियम १९६६ चे कलम २३२ (२) चे अंतर्गत संबंधित पक्षकाराचे अनुपस्थीतीत सुनावणी घेण्यात येईल, निकाल दिला जाईल.

शिक्का
(अभय अ. जोशी)
जिल्हा अधिक्षक भूमि अभिलेख, नागपूर

नोट- अपील प्रकरणातील सुनावणी तारखेस प्रशासकीय कारणास्तव बदल होवू शकतो कृपया नोंद घ्यावी, संपर्क- ०७१२-२५६२९४८.

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने अनुमान जारी किया

# विनिर्माण क्षेत्र के दम पर 2025-26 में जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- सेवा और विनिर्माण क्षेत्र के दम पर होगी अर्थव्यवस्था मजबूत
- पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी
- भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में



सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ने की संभावना है जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत थी। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। बुधवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले 6.4 प्रतिशत थी। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

### सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.1 फीसदी आंकी गई

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र में जीवीए के आधार पर वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024-25 में 4.5 प्रतिशत थी। वहीं, सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत आंकी गई है, जो पिछले वर्ष 7.2 प्रतिशत रही थी। हालांकि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले 4.6 प्रतिशत थी।

### वास्तविक जीडीपी बढ़कर 201.90 लाख करोड़ रहेगी

एनएसओ ने कहा कि स्थिर कीमतों पर वास्तविक जीडीपी 2025-26 में बढ़कर 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में यह 187.97 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार 2025-26 में आठ प्रतिशत बढ़कर 357.14 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2024-25 में 330.68 लाख करोड़ रुपये थी।

### जीडीपी 3.97 लाख करोड़ डॉलर रहने का अनुमान

अमेरिकी डॉलर के लिहाज से भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.97 लाख करोड़ डॉलर रहने का अनुमान है। इसके लिए एक डॉलर का मूल्य 90 रुपये आंका गया है। एनएसओ का यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 7.3 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

### केंद्रीय बजट में 10.1 फीसदी वृद्धि का अनुमान

हालांकि सरकार ने फरवरी 2025 में पेश किए गए केंद्रीय बजट में 10.1 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। प्रथम अग्रिम अनुमानों का इस्तेमाल आम तौर पर केंद्रीय बजट की तैयारी में किया जाता है। वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है।

### गोल्डमैन ने 2026-27 के लिए 6.8 फीसदी का अनुमान जताया

विदेशी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन शैक्स ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 7.3 प्रतिशत दर से कम होगी। गोल्डमैन शैक्स की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई बढ़ने की आशंका को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास आगे ब्याज दरों में कटौती की सीमित गुंजाइश बचेगी। रिपोर्ट कहती है, 'हमें वर्ष 2026 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में 6.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।'

## केंद्रीय मंत्री जोशी ने बीआईएस में नियमन से सुविधा की ओर बदलाव रेखांकित किया



प्रमुख पहलों के शुभारंभ एवं विमोचन के साथ बीआईएस का स्थापना दिवस मनाया गया

**नई दिल्ली।** प्रमुख पहलों के शुभारंभ और विमोचन के साथ 79वाँ बीआईएस स्थापना दिवस आज नई दिल्ली में मनाया गया। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी तथा माननीय उपभोक्ता मामले और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा उपस्थित रहे। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के उपभोक्ता मामले विभाग के तहत भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी पहुंच के माध्यम से देश के गुणवत्ता और मानक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना जारी रखा है।

## चांदी 5,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत बुधवार को 5,000 रुपये बढ़कर 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सुरक्षित निवेश की मांग और औद्योगिकी खरीदारी से चांदी को समर्थन मिला। मंगलवार को चांदी 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते तनाव ने सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग को बढ़ाया है, जबकि आपूर्ति बाधाओं और मजबूत औद्योगिक मांग ने चांदी की कीमतों को और बढ़ा दिया है। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का दाम 100 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 1,41,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ. ग.)**
EmailID :- cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक/953 /न.पं.भ. /लो.नि.वि./2025-26 **E-Procurement Tender Notice [3rd Call]** भटगांव, दिनांक 06/01/2026

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| Sl. No. | SYSTEM TENDER NO: | Description | EMD/Cost of Tender Form/TDR/FDR |
|---|---|---|---|
| 1 | 182939 | Desion Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Wark Including 05 Years of operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Bhatgaon under SBM 2.0 | Rs. 205.07 LAC<br>Rs. 150000 /- |

उपरोक्त कार्य के सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीव तोमर उर्फ गंजा, पुत्र:** जगदीश तोमर, **पता:** 1/5346, गली नं. 14, बलबीर नगर एक्स्टेंशन, शाहदरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 770/2010 U/s 379/411/34/482 IPC, थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव तोमर उर्फ गंजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव तोमर उर्फ गंजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 770/2010 U/s 379/411/34/482 IPC, थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजीव तोमर उर्फ गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/231/OD/2026
(Court Matter)

**Directorate of Urban Administration & Development Technical Cell, Indravati Bhawan, Nava Raipur (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http:// eproc.cgstate.gov.in (2nd Call)**

NIT NO:- PROJ/2305/2025-UADD SECTION/
Raipur Dated:- / / 2026

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work |
|---|---|---|
| 1 | 182960 | Establishment and Operation of a Water Testing Laboratory for Centralized State Level. |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in 06.01.2026 Time 17.30 Hours.** (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission is **22.01.2026, Up to 17:30 Hours.** Physical envelope containing original FDR and affidavit shall reach to this office on or before 27.01.2026, 16:30 Hours by speed post only.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Note:-** 1- All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal ( **http://eproc.cgstate.gov.in**) Contractors can contact Help Desk for any Clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. e-Procurement system Help Desk, 1. The Service Integrator of e-Procurement system. M/s Mjunction Service Ltd. on Help Desk Toll free No. 1800 258 2502 or email **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**.
2- Manager, Chhattisgarh Infotech & Biotech Promotion Society (CHIPS) on Tel. 0771- 4014158 or email: **pro-chips@nic.in**

**Chief Engineer Urban Administration & Development Nava Raipur**

G-252605877/5

## रुपया 31 पैसे मजबूत होकर 89.87 पर बंद

**मुंबई।** रुपया बुधवार को 31 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.20 पर खुला और 89.75-90.23 के दायरे में कारोबार करने के बाद 89.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे अधिक है। रुपया मंगलवार को 12 पैसे की मजबूती के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.18 पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, रुपये में मजबूती आई... क्योंकि आरबीआई ने 90.23 के स्तर पर डॉलर बेचे जिससे यह संकेत मिला कि मुद्राओं की एकतरफा चाल बाजार में स्वीकार्य नहीं है।

## एलआईसी ऑफ इंडिया ने नया प्लान "एलआईसी का जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम (प्लान नंबर 883)" पेश किया

**नई दिल्ली।** एलआईसी ऑफ इंडिया के CEO और MD, श्री आर. दोरैस्वामी ने 6.1.2026 को एलआईसी का जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम प्लान लॉन्च किया। एलआईसी का जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम एक नॉन पार, नॉन-लिंक्ड, इंडिविजुअल, सेविंग्स, होल लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह एक सिंगल प्रीमियम प्लान है जिसमें गारंटीड एडिशन पीरियड के दौरान गारंटीड एडिशन मिलते हैं। एलआईसी के जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम प्लान का यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर (UIN) 512N392V01 है। एलआईसी का जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम गारंटीड लाइफ लॉन्ग इनकम और लाइफ लॉन्ग रिस्क कवर देता है।

**इस प्लान की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:** यह प्लान 30 दिन से लेकर 65 साल तक की उम्र के लोगों के लिए उपलब्ध है। न्यूनतम बेसिक सम एश्योर्ड 500,000 है। हालांकि कोई ऊपरी सीमा नहीं है, लेकिन अधिकतम बेसिक सम एश्योर्ड हर व्यक्ति के लिए बोर्ड द्वारा अप्रूव्ड अंडरराइटिंग पॉलिसी के अनुसार अंडरराइटिंग फैसले पर निर्भर करेगा। गारंटीड एडिशन पीरियड के दौरान हर पॉलिसी वर्ष के अंत में प्रति हजार बेसिक सम एश्योर्ड पर 40 की दर से गारंटीड एडिशन मिलेंगे।



## व्यापार अनिश्चितता से शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट

- सेंसेक्स 102 अंक टूटा, निफ्टी में 38 अंक की गिरावट

**मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 102 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 38 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने को लेकर चिंताओं के बीच कारोबारी धारणा प्रभावित होने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से भी बाजार प्रभावित हुआ। हालांकि, उन्होंने कहा कि चुनिंदा प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने शेयर बाजार को सहारा दिया। बीएसई सेंसेक्स 102.20 अंक टूटकर 84,961.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 445.85 अंक यानी 0.52 प्रतिशत गिरकर 84,617.49 पर आ गया था। निफ्टी 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,140.75 अंक पर रहा। वैश्विक संकेतों की मिली-जुली छाप और भू-राजनीतिक चिंताओं का गहरा प्रभाव बना रहा। इससे जोखिम लेने की प्रवृत्ति सीमित रही। इसके अलावा आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस जैसे कुछ प्रमुख शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली ने तेजी को सीमित कर दिया और व्यापक तेजी पर रोक लगा दी। मिश्रा ने कहा, /"मजबूत घरेलू कारकों की अनुपस्थिति में व्यापारिक गतिविधि काफी हद तक शेयर केंद्रित रही और प्रतिभागी आगामी आय घोषणाओं और प्रमुख वैश्विक घटनाक्रमों से पहले प्रतीक्षा करो और देखो की नीति अपना रहे थे।"

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## ट्राई ने रॉनेक्स्ट को डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में एक बड़ा कदम उठाते हुए, रॉनेक्स्ट टेक्नोलॉजिस को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (ट्राई) ने डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के तौर पर शामिल किया है, जिससे देश भर में डिजिटली रेडी रियल एस्टेट को आकार देने में इसकी भूमिका और मज़बूत हुई है। ट्राई से ऑथराइज़्ड डीसीआरए के तौर पर, रॉनेक्स्ट टेक्नोलॉजिसप्रॉपर्टीज़ के डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को इवैल्यूएट करेगी ताकि आसान कनेक्टिविटी और मौजूदा और नई स्मार्ट टेक्नोलॉजी के लिए तैयारी पक्की हो सके। रेटिंग यूज़र-सेंट्रिक, असल दुनिया के नज़रिए से की जाएगी, जिसमें फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैंडर्ड, इन-बिल्डिंग कनेक्टिविटी, जगह के अंदर ब्रॉडबैंड और वाईफाई परफॉर्मेंस और भविष्य की स्मार्ट टेक्नोलॉजी के लिए तैयारी जैसे खास असेसमेंट एरिया शामिल होंगे। भारत के डिजिटल-फर्स्ट इकॉनमी में तेज़ी से बदलाव ने काम, शिक्षा, बैंकिंग, हेल्थकेयर और मनोरंजन में आसान कनेक्टिविटी को ज़रूरी बना दिया है।

## बैंकों के लिए लाभ का 75% लाभांश वितरण का प्रस्ताव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों द्वारा शेयरधारकों को दिए जाने वाले लाभांश की सीमा तय करने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत कोई भी बैंक अपने शुद्ध लाभ के 75 प्रतिशत से अधिक लाभांश नहीं दे पाएगा। रिजर्व बैंक ''लाभांश'' को इक्विटी शेयरों पर देय राशि के रूप में परिभाषित करता है और इसमें अंतरिम लाभांश शामिल है। लेकिन स्थायी गैर-संचयी तरजीही शेयरों पर दिया जाने वाला लाभांश शामिल नहीं है।

## शब्द पहेली - 6102




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6101 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |






हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाएगी यह ट्रेन

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बन कर तैयार




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार हो गई है और इसे पटरी पर उतारने से पहले रेलवे की तकनीकी टीम ने मानकों के आधार पर अंतिम परीक्षण शुरू कर दिए हैं।

लखनऊ स्थित रेलवे के अभिकल्प, विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के तकनीकी अधिकारी फिलहाल ट्रेन संचालन को लेकर हर बारीक पहलू पर काम कर रहे हैं। इसकी विशेषज्ञ टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की। टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा एवं नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके।

टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को धीमी और मध्यम गति पर चला कर उपकरणों की कार्यक्षमता को रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा ट्रेन के पायदानों की मजबूती और ऊंचाई की भी जांच की गई।

उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाने वाली इस ट्रेन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस ट्रेन को ईंधन आपूर्ति के लिए जींद में स्थापित किए गए हाइड्रोजन प्लांट को अंतिम कमीशनिंग एवं नियमित संचालन के दौरान स्थिर और निर्बाध 11 केवी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इस हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के लिए जींद में तीन हजार किलोग्राम भंडारण क्षमता का देश का सबसे बड़ा हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया गया है, जो अब कमीशनिंग के अंतिम चरण में है। यह प्लांट 24 घंटे आधार पर संचालित होगा।

## खबर संक्षेप

### जोमेटो की कंपनी को 3.69 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** इटरनल, जो जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी है, को वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) से जुड़ा एक मांग आदेश मिला है। यह आदेश ब्याज और जुर्माने सहित कुल 3,69,80,242 रुपये का है और यह अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि से संबंधित है। कंपनी ने बताया कि यह आदेश पश्चिम बंगाल में राज्य कर (अपील) के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। इटरनल के अनुसार, उसे 6 जनवरी 2026 को यह आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 1,92,43,792 रुपए के जीएसटी की पुष्टि की गई है।




### स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका ने दी फिर से धमकी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास के एक्स हैंडल पर स्टूडेंट वीजा को लेकर जो चेतावनी जारी की गई है। उसमें कहा गया है कि अमेरिकी कानून को तोड़ने से आपके स्टूडेंट वीजा पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर आप गिरफ्तार होते हैं या किसी कानून का उल्लंघन करते हैं, आपका वीजा वापस लिया जा सकता है, आपको डिपोर्ट किया जा सकता है।




नाम बदलकर वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहा था जहाज

# यूएस ने रूस का जहाज जब्त किया रूसी पनडुब्बी बचाने पहुंच नहीं पाई

- *अमेरिका का आरोप प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा था*
- *रूस का दावा 24 दिसंबर को मेरिनेरा अनुमति दी गई थी*
- *पकड़े गए रूसी जहाज मैरिनेरा का पहले नाम बेला-1 था*

*अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया। अमेरिकी सैनिक दो हफ्तों से मैरिनेरा जहाज का पीछा कर रहे थे। यह जहाज वेनेजुएला से तेल लेने जा रहा था, ताकि उसे चीन या दूसरे देशों को पहुंचाया जा सके*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले 2 टैंकरों को पकड़ लिया। इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है। सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए।

अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया। अमेरिकी सैनिक दो हफ्तों से मैरिनेरा जहाज का पीछा कर रहे थे। यह जहाज वेनेजुएला से तेल लेने जा रहा था, ताकि उसे चीन या दूसरे देशों को पहुंचाया जा सके। रूस ने अपने जहाज की सुरक्षा के लिए सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज भेजे थे, लेकिन वे इसे बचाने में सफल नहीं हुए।

### अमेरिका ने जहाज को प्रतिबंधित सूची में डाला था

अमेरिका ने जिस रूसी जहाज को पकड़ा है, पहले इसका नाम बेला-1 था। अमेरिका ने इसे प्रतिबंधित जहाजों की लिस्ट में डाल दिया था। दिसंबर 2025 में यह वेनेजुएला की ओर जा रहा था, लेकिन अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने इसे रोकने की कोशिश की।



उस समय जहाज के क्रू मेंबर की होशियारी से यह जहाज बच गया था। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के पास इस जहाज को जब्त करने का वॉरंट था। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप था कि यह जहाज अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा था और ईरानी तेल ढो रहा था। तब यह जहाज गुयाना के झंडे के तहत रजिस्टर्ड था। लेकिन इसके बाद इस जहाज का नाम बदलकर 'मैरिनेरा' कर दिया गया था। इसके बाद इस पर रूसी झंडा लगाकर इसे देश की ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिस्ट में शामिल कर दिया गया।

### पकड़े जाने के डर से जहाज ने रास्ता बदला

इसके बाद यह जहाज वेनेजुएला की ओर जा रहा था, लेकिन अमेरिकी ब्लॉक के डर से उसने रास्ता बदलकर अटलांटिक की ओर मोड़ लिया था। लेकिन अमेरिका और ब्रिटेन समेत कई देश इस जहाज की निगरानी कर रहे थे। हवाई और समुद्री निगरानी के जरिए इसके हर कदम पर नजर रखी गई। अमेरिकी जहाज यूएससीजीएस मुनरो ने इसका पीछा करते हुए इसे पकड़ा। जब अमेरिकी बलों ने इसे उत्तरी अटलांटिक में बोर्ड किया, तब उसके पास रूस का एक सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज मौजूद थे। हालांकि, कोई सीधा टकराव नहीं हुआ।

### रजिस्टर्ड जहाज रोकने का अधिकार नहीं: रूस

रूसी परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि किसी भी देश को दूसरे देश के रजिस्टर्ड जहाज पर ताकत का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी सेना ने रूस के समय मुताबिक लगभग दोपहर 3 बजे दोपहर मेरिनेरा जहाज पर कब्जा कर लिया, और इसके बाद जहाज से किसी भी तरह का कम्युनिकेशन बंद हो गया। रूस ने यह भी कहा कि 24 दिसंबर को मेरिनेरा को रूसी झंडे के तहत चलने की अस्थायी अनुमति दी गई थी।

### ब्रिटेन ने जहाज को पकड़ने में मदद की: रक्षा मंत्री हिली

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने इस ऑपरेशन में अमेरिकी सेना का समर्थन किया और इसमें उसके विमान भी शामिल थे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हिली ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि यह कदम उन लोगों के खिलाफ था, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहे थे। बेला-1 जहाज रूस और ईरान के गठजोड़ का हिस्सा है, प्रतिबंधों से बचते हुए तेल ले जाने की कोशिश कर रहा था। यह जहाज दुनिया भर में सुरक्षा, संघर्ष और अस्थिरता फैलाने में शामिल था। हिली ने कहा कि वह अपने देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और दुनिया में स्थिरता बनाए रखने के लिए ऐसे अवैध नौसैनिक कामों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा।

ईरानी सेना के कमांडर की चेतावनी

# इजराइल और अमेरिका के बयान 'खतरा', जवाब देंगे


ईरान के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातेमी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और इजराइल में तनाव फिर चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने बुधवार को इजराइल को चेतावनी दी कि वह देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में दखल न दे। ईरान ने कहा कि इसका जवाब दिए बिना नहीं रहा जाएगा। इस बीच ईरान ने तेहरान में इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को फांसी देने का भी ऐलान किया है।

बता दें कि ईरान में इन दिनों सरकार विरोधी प्रदर्शन चरम पर हैं। पूरे देश में मुल्ला/मौलवी शासित प्रणाली के खिलाफ लोग सड़कों पर हैं, जिसे दबाने के लिए सरकार ने ताकत का इस्तेमाल किया है। ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातेमी ने कहा कि उनका देश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरोध प्रदर्शनों के बारे में दिए गए बयानों को 'खतरा' मानता है। उन्होंने कहा कि ईरान उनके बयानों का जवाब दिए बगैर इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### राष्ट्र के खिलाफ बातें बर्दाश्त नहीं


हातेमी ने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान दुश्मन की ईरानी राष्ट्र के खिलाफ बयानबाजी में इस बढ़ोतरी को एक खतरा मानता है, और हम ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं करेंगे जिसमें यह बिना किसी जवाब के जारी रहे। हातेमी ने चेतावनी दी कि अगर दुश्मन कोई गलती करता है तो ईरान की प्रतिक्रिया जून में ईरान और इजराइल के बीच 12-दिवसीय युद्ध के दौरान की तुलना में अधिक मजबूत होगी। ईरानी सेना प्रमुख का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन धमकियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर ईरान सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों की हत्याएं करता है तो अमेरिका इसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। वहीं, नेतन्याहू ने प्रदर्शन कर रहे ईरानी लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि यह वह क्षण हो सकता है जब वे अपना भाग्य अपने हाथों में लें।

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाक का बेतुका बयान

# अकेले या किसी के साथ भी आओ ...मजा न करा दिया तो पैसे वापस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत को लेकर बेतुका बयान दिया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, स्थापित सैन्य संचार मानकों से हटकर भारत को बिना किसी उकसावे के धमकी दी, और कहा कि मजा न कराया तो पैसे वापस। साल 2026 कैसा होगा इस बात पर चौधरी ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि हम कैसे खड़े होते हैं।हमारे दुश्मन की मंशा साफ है। भारत आपके अस्तित्व को स्वीकार नहीं करेगा। वह कह रहा है कि मेरे दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त है। हमारी किस्मत हमारे अपने हाथों में है। जो चाहो करो। जहां से चाहो आओ। दाएं से आना है, बाएं से आना है, ऊपर से आना है, नीचे से आना है, अकेले आना है, या इकट्ठे आना है, जैसे मर्जी आना हो, एक बार मजा न करा दिया न तो पैसे वापस।


अहमद शरीफ चौधरी

## कठुआ में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक दूरदराज के गांव में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ बुधवार शाम बिलावर के काहोग गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने दो-तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने कहा कि एसओजी कठुआ ने कठुआ के कमाध नाला के जंगल में आतंकवादियों से मुठभेड़ की है।

13 माओवादियों पर था 65 लाख का इनाम

# सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 7 महिलाएं शामिल


एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में 13 पर कुल 65 लाख रुपए का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन कैडरों में 7 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने 'पूना मार्गेम' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया।

ये लोग माओवादियों की पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन और आंध्र ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे और अबूझमाड़, छत्तीसगढ़ के सुकमा और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में कई घटनाओं में शामिल थे। ये माओवादी राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित थे जिसके तहत आत्मसमर्पण किया है। लाली उर्फ मुचाकी आयते लखमू (35), जो एक कंपनी पार्टी समिति की सदस्य थी इस पर 10 लाख रुपए का इनाम था।



## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह अटल टनल रोहतांग, रोहतांग दर्रा और सोलंगनाला समेत ऊंची चोटियों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। सोलंगनाला में कुछ समय के लिए पूरी तरह सफेदी छा गई, जबकि धुंधी और अटल टनल क्षेत्र में दो से तीन इंच तक बर्फ जमी। बर्फबारी के बीच बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे और बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच तस्वीरें खिंचवाईं, स्नोमैन बनाए और ठंडे मौसम का भरपूर आनंद लिया। चित्र में अटल टनल के पास पर्यटक।


*अमेरिका के लास वेगास में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो-2026 का आगाज*

# सबसे हल्का लैपटॉप, मोबाइल जितना पतला वॉलपेपर टीवी, तकनीक के मेले में दिखी अजब-गजब वस्तुएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के लास वेगास में तकनीक का महाकुंभ यानी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो-2026 का आगाज हो गया है। 6 से 9 जनवरी के बीच चलने वाले इस शो में दुनिया भर की दिग्गज कंपनियां अपने टेक प्रोडक्ट्स पेश कर रही हैं। सैमसंग, एलजी, लेनोवो समेत कई कंपनियां इस शो में शामिल हुई हैं। इस शो में भविष्य के तकनीक की झलकियां भी देखने को मिल रही हैं।

### 790 ग्राम का लैपटॉप



ताईवान की टेक कंपनी आसुस ने दुनिया का सबसे हल्का लैपटॉप आसुस प्रोआर्ट पीजेड14 पेश किया है। इसका वजह महज 0.79 kg (790 ग्राम) है और 9 मिमी पतला है। कंपनी ने इसे हल्का बनाने के लिए एयरोस्पेस ग्रेड अलुमिनियम फ्रेम का इस्तेमाल किया है। इसमें 32जीबी की रैम के साथ 1 टीबी का एसएसडी स्टोरेज मिलता है।

### 9 मिमी पतला टीवी



एलजी कंपनी ने दुनिया का सबसे पतला ओएलईडी टीवी ईवीओ एआई डब्ल्यू6 का खुलासा किया। यह टीवी की बॉडी 9 मिमी पतली है जो स्मार्टफोन की मोटाई से बस थोड़ी अधिक है। इस टीवी को दीवार पर लगाया जाता है तो यह वॉलपेपर जैसा दिखता है।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार भारतीय सेना

तीनों सेनाओं ने संयुक्त रूप से तैयार किया

# चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने जारी किया प्रशिक्षण विजन दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप बनाने के लिए चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने एक महत्वपूर्ण विजन दस्तावेज जारी किया है। यह दस्तावेज थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, जो प्रशिक्षण पद्धति को अधिक आधुनिक, प्रभावी और भविष्योन्मुखी बनाने पर केंद्रित है। एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) द्वारा साझा जानकारी के अनुसार, इस दस्तावेज में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य तथा भविष्य की संभावित चुनौतियों का विस्तृत आकलन किया गया है।


चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के सदस्य

### आधुनिक युद्ध की जटिलताएं समझाएंगे

इस प्रशिक्षण दस्तावेज का मुख्य लक्ष्य ऐसे सैन्य नेताओं का निर्माण करना है जो आधुनिक युद्धक्षेत्र की जटिलताओं को समझें और जल, थल, वायु, अंतरिक्ष तथा साइबर जैसे विभिन्न डोमेन में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स को संयुक्त एवं समन्वित रूप से संचालित करने में सक्षम हों। हर चरण के लिए स्पष्ट शिक्षण उद्देश्य परिभाषित किए गए हैं।

### सभी स्तरों के लिए व्यवस्थित दक्षताएं

इसमें बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण से लेकर उच्च अधिकारियों के सामरिक एवं रणनीतिक स्तर के प्रशिक्षण तक सभी स्तरों के लिए अपेक्षित क्षमताओं और दक्षताओं का व्यवस्थित विवरण शामिल है। यह दस्तावेज न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सशस्त्र बलों को भविष्य की तकनीकी एवं युद्धक आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का भी प्रयास करता है।

### यह विजन निर्णायक पहल

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का यह विजन भारतीय सैन्य ढांचे को अधिक समन्वित, सक्षम और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109